27

[illegible]

सन् 1961-62

LAC G.C. Sharma F.II. E.
No 4 Sqdn T/2
Air Force ~~Tambaram~~ Tambaram
Madras

Pt. Shyam Sunder Sharma
House No. 436
Ward No. 3,
Mehrauli, Delhi

॥ ॐ ॥



हृदन्तरज्ञानतमोवितान-निवारकं पण्डितमण्डलीष्टम् ।
त्रिकालदर्शि प्रसरन्मयूखं 'मार्तण्डपञ्चाङ्ग' मिदं चकास्तु ॥



श्रीगणेशाय नमः

श्रीलक्ष्म्यै नमः


श्री बघाटमहीमहेन्द्र "धर्ममार्तण्ड"




पँवारकुलभूषण श्रीमद्राजर्षि
श्री १०५ दुर्गासिंह जी बहादुर,
C. I. E. सोलन ।

सार्वदेशिक सर्वोत्तम सर्वाङ्गशुद्ध पञ्चाङ्ग

मार्तण्ड के उदय से जगमग हुआ आकाश ।
क्या तारा क्या चन्द्रमा सबका छुपे प्रकाश ॥



राजा शुक्र



मन्त्री गुरु

बघाटमहीमहेन्द्रधर्ममार्तण्ड श्री १०५ मद्दुर्गासिंहवर्मभिः संरक्षितम्

श्याम सुन्दर शर्मा

कृष्णाढीया (हापड़) क्षवृत्तीयं दृग्गणितैक्यविषयं

—::o::—

अक्षकृतम्, धर्मशास्त्रसम्मतं च

बृहज्ज्योतिष सम्मेलन के अध्यक्ष
पञ्चाङ्ग-प्रवर्तक



"वज्ररत्नराजज्योतिषी
श्री पं० मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचार्य
कुराली (पंजाब)

BAGHAT श्रीमार्तण्डपञ्चाङ्गम् PANCHANG

श्री विक्रमार्कीय सं० २०१८ शाक १८८३, सन् १९६१-६२ ई०, जय हिन्द सं० १४ (१५ अगस्त से १५)

पञ्चाङ्गप्रवर्तकाः—स्व० गणकचक्रचूडामणि श्री गोविन्द सदाशिव 'आप्टे', श्री पं० केदारनाथ 'सिद्धान्तपञ्चानन' शिष्याः पं० श्री मुकुन्दवल्लभशर्माणो ज्योतिषाचार्याः
पञ्चाङ्गकर्तारः—प्रवर्तकतनयाः—श्रीसत्यव्रत शर्मा शास्त्री, साहित्याचार्यः, श्री प्रियव्रत शर्मा शास्त्री, साहित्य-ज्योतिषाचार्यः, श्री शक्तिधर शर्मा शास्त्री च

बांकीपुर पटना ◼ मोतीलाल बनारसीदास, पुस्तक विक्रेता, बंगलो रोड, जवाहरनगर दिल्ली-६ ◼ नं० बा० २१ वाराणसी



... अगस्त में प्रकाशित हो जावेगा ।
वि० सं० २०१९ का ...

विषयसूची

आशीराशंसना

जयन्ति श्री महाविद्यापादपङ्कजरेणवः।
यत्कृपालेशमात्रेण रङ्को राजति सत्वरम् ॥ १ ॥
श्रीदुर्गासिंहवर्माख्यो राजा राजगुणैर्युतः।
सनातनीं धर्मधुरं वहन् भागवतोत्तमः ॥ २ ॥
बघाटेशः सोलनाख्ये† राजधान्यामुदारधीः।
राजते धर्ममार्तण्डो गोविप्रगणपूजकः ॥ ३ ॥
निर्देशात्तस्य राजर्षेरिदं पंचाङ्गमुत्तमम्।
प्रसूत्य मार्तण्डसमज्ञानान्ध्यं व्यपोहतु ॥ ४ ॥

† पूर्नवपलान्यस्ति रेखातः सोलनं पुरम्।
यत्र स्वव्यङ्गुलाद्रि (७।११)-मितांगलपलश्च ॥

श्री १००८ आनन्दमयी माँ



मातर्भवार्तिघनपाशविमुक्तिदायै।
श्रद्धावनम्रमनसा शरणागतानाम् ॥
ज्ञानञ्च भक्तिममितां सततं ददत्यै।
आनन्दसान्द्रचरिताङ्घ्रये नमस्ते ॥

इस पञ्चाङ्ग में प्रयुक्त किये गये ज्ञातव्य कुछ सांकेतिक शब्द

अ.=अस्त, अश्विनी, अनुराधा (नक्षत्र), अतिगण्ड (योग), अग्नि (बाण)।
अं.=अंग्रेजी (तारीख--मास), अंश।
आव=आवश्यकता में।
उ.=उपरान्त, उदित, उत्तर।
क.=करण, कर्क, कला।
कृ.=कृष्णपक्ष, कृत्तिका (नक्षत्र)।
क्रां.सा.=क्रान्तिसाम्य (महापात)।
गोधू.=गोधूलि (लग्न)।
घ.=घड़ी।
घं.=घण्टा।
चौ.=चौर (बाण)।
ति.=तिथि।
द.=दक्षिण।
दा.=दान-पूजन।
दि.=दिन।
दि. मा.=दिनमान।
न.=नक्षत्र।
नि.=निम्बार्कों के लिए।
नृ.=नृप (बाण)।
प.=पल, परिघ (योग), पश्चिम।
पृ.=पर्व।
प्रा.=प्रारम्भ।
भ.=भद्रा, भरणी (नक्षत्र)।
भा.=भारतीय, भाद्रपद।
मा.=मार्गी।
मि.=मिनट, मिथुन।
मृ.=मृगशिरा, मृत्यु (बाण)।
या.=यावत् (=तक)।
रा.=राष्ट्रीय (भारतसरकार द्वारा संचालित तारीख-मास), रात्रि, राशि, राहु।
रो.=रोग (बाण), रोहिणी।
ल.=लग्न।
व.=वक्री, वक्रगति से, वणिक्-वज्र-वरीयान् (योग), वरुण (ग्रह)।
वा.=वार।
वि.=विकला, विष्टि (करण), विष्कम्भ, विशाखा।
वि.मु.=विवाह मुहूर्त।
वै.=वैष्णवों के लिए, वैधृति (योग), वैशाख।
व्र.=व्रत,
व्र.स.=व्रत सब के लिए।
शु.=शुक्ल पक्ष, शुक्रवार, शुक्र (ग्रह), शुभ-शुक्ल (योग)।
स.=समाप्त।
सं.=संक्रान्ति (सौर), संवत्।
सा.का.=साम्पातिक काल।
सा.=सायन।
स्मा.=स्मार्तों के लिए।

नोट:—जिस सांकेतिक शब्द को अनेक अर्थों में प्रयुक्त किया गया है, उसका विशद स्थल पर उपयुक्त अर्थ प्रसंगवश जाना जा सकता है।

इस पञ्चाङ्ग के प्रयोग के लिये आवश्यक निर्देशन

(१) इस पंचांग का निर्माण ग्रीन्विच से पूर्व रेखांश ७६°।३०′ एवं उत्तर अक्षांश ३१° के आधार पर किया गया है, अतः यहाँ जहाँ विशेष निर्देश न किया गया हो 'सूर्योदय' से हमारा अभिप्राय इसी स्थल के सूर्योदय से रहता है।

(२) यहां सर्वत्र निरयण पद्धति का अपनाया गया है, जहाँ सायन गणना की गई है, वहाँ निर्देश कर दिया गया है। चित्रापक्षीय अयनांश प्रामाणिक माने हैं।

(३) तिथि, नक्षत्र, योग एवं करणों के सम्मुख दिए गए घड़ी पल उनका सूर्योदय से समाप्तिकाल बतलाते हैं। जैसे--चैत्र शुक्ल ४ चन्द्रवार के आगे ३२।५८ लिखा है। इसका अभिप्राय है--यह तिथि (चतुर्थी) चन्द्रवार को सूर्योदय के ३२ घड़ी ५८ पल बाद समाप्त होगी और उसी समय पंचमी प्रारम्भ हो जाएगी।

(४) इस पंचांग में केवल सूर्योदयव्यापी ही करण लिखे गए हैं, दूसरे नहीं।

(५) "चन्द्र संचार" वाले कालम में राशियों के साथ दिए गए घड़ी पल चन्द्रमा के राशिप्रवेश का काल बतलाते हैं। जैसे--चैत्र शुक्ल ४ चन्द्रवार (सं. २०१८) को चन्द्र सञ्चार' में वृष ५८।३० लिखा है। इसका अभिप्राय है कि चन्द्रमा इस दिन सूर्योदय के ५८ घड़ी ३० पल बाद वृष में प्रविष्ट होगा और इससे पूर्व वह मेष में ही था।

(६) चन्द्र संचार से आगेवाले कालमों में सूर्य के उदयास्त, जो कि भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम में हैं, उपरोक्त स्थल के ही हैं। ये काल सूर्यकेन्द्र के उदयास्त को बतलाते हैं।

(७) सूर्योदयास्त वाले कालमों के आगे अन्तिम कालम में दिया गया दैनिक स्पष्ट सूर्य सूर्योदयकालिक एवं सूर्यसिद्धान्तीय है। पंक्तियों वाले दृश्य सूर्य से इसका कुछ अन्तर रहता है।

(८) लस्टर में पंचक एवं भद्रा की समाप्ति तथा प्रारम्भ, ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग तथा राशि-नक्षत्र-पादप्रवेश आदि के सभी काल घटी पलों में हैं, जो सूर्योदय के बाद का काल बतलाते हैं। जैसे—चैत्र शुक्ल ४ चन्द्रवार को लस्टर में शुक्र वक्री ४७।१७ लिखा है। इसका अभिप्राय है—इसदिन सूर्योदय के ४७ घड़ी १७ पल बाद शुक्र वक्री होगा। इसी प्रकार चैत्र शु. १३ गुरुवार को 'रेवती में सूर्य ५०।५२' लिखा है, जिसका अभिप्राय है, कि सूर्य इस दिन सूर्योदय के बाद ५० घड़ी ५२ पल पर रेवती में प्रविष्ट होगा।

(९) भारत के किसी भी स्थान पर चन्द्रदर्शन होने पर लस्टर में चन्द्रदर्शन लगा दिया गया है।

(१०) यहाँ दिए गए ग्रह एवं शर भूमध्य स्पष्ट हैं।

(११) पंक्तियों (अष्टमी, पूर्णिमा, अमावस्या) के स्पष्ट ग्रहों के नीचे दैनिक गति, उससे नीचे मार्गी या वक्री, उससे नीचे उदित या अस्त, फिर चरणसहित नक्षत्र (जिसमें ग्रह है) और फिर सबसे नीचे ग्रह जिस नाड़ी में है उसका निर्देश किया गया है।

(१२) पंक्तियों की सभी कुण्डलिएं सूर्योदयकालिक हैं।

(१३) दैनिक स्पष्ट ग्रहों के साथ दिया गया साम्पातिक काल उक्त रेखांश एवं अक्षांश-सम्बन्धी स्थल के स्थानीय मध्यमकाल ० घं. ० मि. का है।

—ग्रहण-निर्णय—

(सं. २०१८)

सं. २०१८ में तीन ग्रहण (२ सूर्य के एवं १ चन्द्र का) होंगे। ये तीनों ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देंगे। इनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

(१) **कंकण सूर्यग्रहण, ११ अगस्त १९६१ ई.**—यह ग्रहण अफ्रीका एवं मेडागास्कर के दक्षिणी भाग, दक्षिणी अमेरिका के पूर्वी भाग तथा एण्टार्कटिका के उत्तरी भाग में दृश्य होगा। ग्रहण का कंकण स्वरूप अफ्रीका से नीचे समुद्र में एवं एण्टार्कटिका के थोड़े से भाग में देखा जा सकेगा।

(२) **खण्डग्रास चन्द्रग्रहण, २६ अगस्त १९६१ ई.**—यह चन्द्रग्रहण ७ बजकर ४ मि. (भा. स्टै. टा.) पर प्रारम्भ होकर १० बजकर १२ मिनट (भा. स्टै. टा.) पर समाप्त होगा। इस दिन भारत में सर्वत्र ७घं. ४ मि. (भा. स्टै. टा.) से पूर्व ही चन्द्र अस्त हो जाएगा, अतः यह ग्रहण भारत में नहीं देखा जा सकेगा। इस ग्रहण को फारस, अरब, तुर्की, योरोप, अफ्रीका आदि राष्ट्रों में देखा जा सकता है। इस ग्रहण में चन्द्रमा का परम ग्रास .९९ (चन्द्र-व्यास=१) होगा।

(३) **खग्रास सूर्यग्रहण, ५ फरवरी १९६२ ई.**—यह ग्रहण अष्टग्रही योग के दिन जावा, आस्ट्रेलिया, [illegible] अमेरिका के पश्चिम-दक्षिण एवं उत्तरी प्रशान्त महासागर में दिखाई देगा। इस खग्रास-ग्रहण की मध्यरेखा बोर्नियो से प्रारम्भ होकर उत्तरी प्रशान्त महासागर में से गुजरती हुई मक्सिको से पश्चिम में समुद्र के भीतर समाप्त हो जाती है। भूमण्डल पर इस ग्रहण के स्पर्श सम्मीलन उन्मीलन, एवं मोक्ष के काल तथा तथा खग्रास मार्ग की मध्यरेखा के रेखांश एवं अक्षांश नीचे दिए जा रहे हैं—

	घं. मि.	
भूमण्डल पर प्रथम स्पर्श	३। १	भा. स्टै. टा.
,, खग्रासारम्भ	४। १	ता. ५-२-६२
,, खग्रास समाप्ति	७।२६	
,, मोक्ष	८।२६	

—खग्रास मार्ग की मध्यरेखा—

रेखांश (ग्रीन्विच से)	अक्षांश
+११६°.७	—०.२
+१५१.९	—७.४
+१६१.३	—७.६
+१६८.९	—६.७
+१७५.१	—५.०
—१७८.४	—२.६
—१७२.३	+०.४
—१६६.२	+४.०
—१५७.४	+९.०
—१२१.८	+२३.२

श्रीमार्तण्डपञ्चाङ्ग की भविष्यवाणियों की सत्यता

श्रीमार्तण्डपञ्चाङ्गीय गणित की शुद्धता एवं व्यापारिक, राजनैतिक तथा दैशिक भविष्यवाणियों की सत्यता से प्रसन्न होकर गुणज्ञ विद्वज्जन तथा अनेकों व्यापारी लोग प्रशंसा भरे पत्र भेजते रहते हैं। हम उनका हृदय से धन्यवाद करते हैं। इस नये पंचांग के प्रकाशित होने तक संवत् २०१७ विक्रमी के श्रीमार्तण्डपंचांग की ज्योतिष शास्त्र द्वारा निर्णीत भविष्य-वाणियों की सत्यता के कुछ नमूने पृष्ठ, कालम, पंक्ति एवं उद्धरण सहित नीचे दिये जा रहे हैं।

(१) **मेडागास्करादि द्वीपों को फ्रांस ने स्वाधीन किया।** "फ्रांस...... किसी अपने स्वाधीन देश को स्वतन्त्र करके यशस्वी बनेगा।" (पृष्ठ ३, कालम दूसरा, पंक्ति ६)।

(२) **तिब्बत की प्रजा में भय-अशांति**—"तिब्बत की प्रजा में भय अशांति बनी रहेगी।" (पृष्ठ ३ कालम दूसरा-पंक्ति ८) तदनुसार इस वर्ष भी तिब्बती लोग चीनियों से भयभीत होकर इधर उधर भागते फिरते रहे हैं।

(३) **गुड़ शक्कर के व्यापारियों को भारी हानि**—हमने "भारत का व्यापार" शीर्षक में (पृष्ट ३ कालम दूसरे में) इस वर्ष गड़, खाण्ड, शक्कर के व्यापारियों को भारी हानि उठाने का संकेत किया था। तदनुसार इस वर्ष गुड़, खांड के व्यापारी भारी घाटे में रहे हैं।

(४) **चिली में भूकम्प से ७ हजार जन मृत्यु**—ज्येष्ठ कृष्ण के पक्ष फल में लिखा था कि "किसी दुर्घटना से जनहानि हो।" (पृष्ट ४२) तदनुसार २१ मई ज्येष्ठ कृष्ण ११ को चिली में भूकम्प की दुर्घटना से भारी जन-हानि हुई।

(५) **तुर्की के शासक राष्ट्रपति को भय**—ज्येष्ठ शुक्ल के पक्षफल में लिखा था कि "पाश्चात्य राष्ट्रों के शासकों में भय हो।" (पृष्ठ ४३) तदनुसार इसी पक्ष में तुर्की में सैनिक शासन हुआ, और वहाँ के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आदि बन्दी बने।

(६) **पटियाला प्रांत व रोहतक आदि में भीषण बाढ़**—भाद्रपद शुक्ल के पक्षफल में लिखा था "कहीं वृष्टि विशेष हो। कहीं नदी नालों से हानि हो।" (पृष्ठ ४९) तदनुसार इसी पक्ष में पटियाला प्रान्त व रोहतक आदि में जो जल से भारी हानि हुई है, वह किसी से छिपी नहीं है।

(७) **श्री फिरोज गांधी की मृत्यु**—भाद्रपद शुक्ल पक्ष के फल में लिखा था—"ति. अष्टमी से २४ दिन के अंदर किसी बड़े ख्याततनामा पुरुष की मृत्यु हो।" (पृष्ठ ४९) तदनुसार ठीक २४ दिन के भीतर ८ सितंबर को भारतमंत्री श्री नेहरू जी के जामाता यशस्वी, संसद-सदस्य, देशभक्त नेता श्री फिरोजगांधी की असामयिक मृत्यु हुई।

(८) **नेपाल म भय-चिंता**—"यहां की राजसत्ता में एक बार भय-चिन्ता बने।" (पृष्ठ ३ कालम २) तदनुसार ग्रीष्म ऋतु में चीन द्वारा सीमातिक्रमण का भय प्रजा व राजसत्ता में व्याप्त हुआ था यह सब को विदित है।

इसी प्रकार अन्य दैशिक, राजनैतिक तथा वार्षिक व मासिक तेजी मन्दी आदि की भविष्य-वाणियाँ ९० प्रतिशत सत्य रहती हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि सदा की भांति भविष्य में भी इस पंचांग की भविष्यवाणियाँ यथार्थता से कदापि च्युत नहीं होंगी। श्रीमार्तण्डपंचाङ्ग की लोकप्रियता एवं [illegible] का रहस्य इसकी गणित-शुद्धता के साथ भविष्यवाणियों में गणमान्य व्यक्तियों की [illegible]अभिरुचि है।

आकाशी कौंसिल का विचार सं० २०१८

स्वतन्त्र भारत का जन्मलग्न



विमृश्य ग्रहसंस्थितिं मुनिवचः
सिद्धान्तयित्वा स्फुटम्।
शास्त्रं शाकुनकं विचार्य नितरा-
मालोच्य सत्संहिताः॥
राष्ट्रे राजसमाजधर्मविषये
हृद्युद्भाविनी या स्थितिः।
सा धर्म्भोः कृपया यथामति
मया प्रागेव निर्णीयते॥


स्वतन्त्र भारत के जन्म की चलित कुण्डली




१५ अगस्त शुक्रवार
३४७ इष्ट ४५।२०

ग्रह भावस्पष्टानुसार यहाँ
सू. शु. गु. श. चल गये हैं


स्वतन्त्र भारत के १५ वें वर्ष-प्रवेश की कुण्डली



मुस्लिम राष्ट्रों के नववर्ष प्रवेश की कुण्डली



युरोपीय राष्ट्रों के नववर्ष-प्रवेश की कुण्डली



पाठको! जिस तरह इस भूमण्डल पर लोकतन्त्र राज्य का शासन करने के लिए शासन-मण्डलमें प्रधानमन्त्री आदि कौंसिल के अधिकारियों की मत-प्रदान (चुनाव) के अनन्तर तीन या पांच वर्ष के लिए नियुक्ति होती है, और उन अधिकारप्राप्त व्यक्तियों की योग्यता अयोग्यता सच्चरित्रता दुश्चरित्रता निःस्वार्थता एवं स्वार्थपरायणतादि गुणावगुणों के अनुसार जसे शासनयन्त्र पर अच्छा बुरा असर पड़ता है उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहोंकी परिषद् में प्रतिवर्ष संसारचक्र को चलाने के लिए एक दिव्य एवं अद्भुतशक्तिमती आकाशी कौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशी कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट फेर तथा अघटित घटनाएं घटित होती हैं। वह त्रिकालज्ञ महर्षियों के निर्मित ज्योतिर्विज्ञान के ग्रन्थों के आधार से अच्छी तरह जानी जा सकती है।

इस वर्ष की आकाशी कौंसिल से ज्ञात होता है कि यह वर्ष ऐतिहासिक माना जायगा। जनता में शंका एवं कम परिश्रम से विशेष लाभ प्राप्त करने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। मध्य वर्ग की जनता आर्थिक व खाद्यसंकट का विशेष अनुभव करेगी। नीचराशिस्थ गुरु-शनैश्चर से सम्बन्ध करता हुआ धर्मस्थान को देख रहा है। जो धार्मिक स्थानों के विषय में निर्धारित सरकारी नीति से धार्मिक क्षेत्रों में असंतोष उत्पन्न होना सूचित करता है। शनि-गति-वशात् इस वर्ष औद्योगिक दृष्टि से भारत अच्छी उन्नति की ओर अग्रसर होगा। अनेक लोह प्रधान कारखानों की उन्नति होगी। भारतीय नव वर्षारंभ व राजा, मंत्री आदि के फलों को देखते हुए इस विक्रमी वर्ष का पूर्वार्ध आश्विन तक प्रायः भारतीय जनता के लिए शुभफलप्रद होगा। इस वर्ष के राजा व धान्येश शुक्र और मंत्री गुरु बने हैं जो भारतीय जनता की रुचि धर्म दान की ओर करेंगे। राजा मंत्री का पद शुभ ग्रहों को प्राप्त होना सुख समृद्धि देने वाला माना जाता है।

वर्षारम्भ कुण्डली और वर्ष के मुख्याधिकारियों को देखते हुए अभी बड़े विश्व-युद्ध का योग नहीं है। वर्ष के उत्तरार्द्ध से अकाल व रोगों से कहीं नर व पशु पीड़ित हों, मृत्यु भी हो और तीनों प्रकार के यानों की अनेक भयप्रद दुर्घटनाएं हों।

विश्वभविष्य

इस वर्ष क्रूरत्रयी (शनि, भौम, केतु) के प्रभाव से अन्तर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों से व घृणास्पद रंग-

(८) लस्टर में पंचक एवं भद्रा की समाप्ति तथा प्रारम्भ, ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग तथा राशि-नक्षत्र-पादप्रवेश आदि के सभी काल घटी पलों में हैं, जो सूर्योदय के बाद का काल बतलाते हैं। जैसे—चैत्र शुक्ल ४ चन्द्रवार को लस्टर में शुक्र वक्री ४७।१७ लिखा है। इसका अभिप्राय है—इसदिन सूर्योदय के ४७ घड़ी १७ पल बाद शुक्र वक्री होगा। इसी प्रकार चैत्र शु. १३ गुरुवार को 'रेवती में सूर्य ५०।५२' लिखा है, जिसका अभिप्राय है कि सूर्य इस दिन सूर्योदय के बाद ५० घड़ी ५२ पल पर रेवती में प्रविष्ट होगा।

(९) भारत के किसी भी स्थान पर चन्द्रदर्शन होने पर लस्टर में चन्द्रदर्शन लगा दिया गया है।

(१०) यहाँ दिए गए ग्रह एवं शर भूमध्य स्पष्ट हैं।

(११) पंक्तियों (अष्टमी, पूर्णिमा, अमावस्या) के स्पष्ट ग्रहों के नीचे दैनिक गति, उससे नीचे मार्गी या वक्री, उससे नीचे उदित या अस्त, फिर चरणसहित नक्षत्र (जिसमें ग्रह है) और फिर सबसे नीचे ग्रह जिस नाड़ी में है उसका निर्देश किया गया है।

(१२) पंक्तियों की सभी कुण्डलिएं सूर्योदयकालिक हैं।

(१३) दैनिक स्पष्ट ग्रहों के साथ दिया गया साम्पातिक काल उक्त रेखांश एवं अक्षांश-सम्बन्धी स्थल के स्थानीय मध्यमकाल ० घं. ० मि. का है।

—ग्रहण-निर्णय—

(सं. २०१८)

सं. २०१८ में तीन ग्रहण (२ सूर्य के एवं १ चन्द्र का) होंगे। ये तीनों ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देंगे। इनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

(१) **कंकण सूर्यग्रहण, ११ अगस्त १९६१ ई.**—यह ग्रहण अफ्रीका एवं मेडागास्कर के दक्षिणी भाग, दक्षिणी अमेरिका के पूर्वी भाग तथा एण्टार्क्टिका के उत्तरी भाग में दृश्य होगा। ग्रहण का कंकण स्वरूप अफ्रीका से नीचे समुद्र में एवं एण्टार्क्टिका के थोड़े से भाग में देखा जा सकेगा।

(२) **खण्डग्रास चन्द्रग्रहण, २६ अगस्त १९६१ ई.**—यह चन्द्रग्रहण ७ बजकर ४ मि. (भा. स्टै. टा.) पर प्रारम्भ होकर १० बजकर १२ मिनट (भा. स्टै. टा.) पर समाप्त होगा। इस दिन भारत में सर्वत्र ७घं. ४ मि. (भा. स्टै. टा.) से पूर्व ही चन्द्र अस्त हो जाएगा, अतः यह ग्रहण भारत में नहीं देखा जा सकेगा। इस ग्रहण को फारस, अरब, तुर्की, योरोप, अफ्रीका आदि राष्ट्रों में देखा जा सकता है। इस ग्रहण में चन्द्रमा का परम ग्रास .९९ (चन्द्र-व्यास=१) होगा।

(३) **खग्रास सूर्यग्रहण, ५ फरवरी १९६२ ई.**—यह ग्रहण अष्टग्रही योग के दिन जावा, आस्ट्रेलिया, [illegible] के पश्चिम-दक्षिण एवं उत्तरी प्रशान्त महासागर में दिखाई देगा। इस खग्रास-ग्रहण की मध्यरेखा बोर्नियो से प्रारम्भ होकर उत्तरी प्रशान्त महासागर में से गुजरती हुई मक्सिको से पश्चिम में समुद्र के भीतर समाप्त हो जाती है। भूमण्डल पर इस ग्रहण के स्पर्श सम्मीलन उन्मीलन, एवं मोक्ष के काल तथा तथा खग्रास मार्ग की मध्यरेखा के रेखांश एवं अक्षांश नीचे दिए जा रहे हैं—

	घं. मि.	
भूमण्डल पर प्रथम स्पर्श	३। १	भा. स्टै. टा. ता. ५-२-६२
,, खग्रासारम्भ	४। १	
,, खग्रास समाप्ति	७।२६	
,, मोक्ष	८।२६	

—खग्रास मार्ग की मध्यरेखा—

रेखांश (ग्रीन्विच से)	अक्षांश
+११६°.७	—०.२
+१५१.९	—७.४
+१६१.३	—७.६
+१६८.९	—६.७
+१७५.१	—५.०
—१७८.४	—२.६
—१७२.३	+०.४
—१६६.२	+४.०
—१५७.४	+९.०
—१२१.८	+२३.२

श्रीमार्तण्डपञ्चाङ्ग की भविष्यवाणियों की सत्यता

श्रीमार्तण्डपञ्चाङ्गीय गणित की शुद्धता एवं व्यापारिक, राजनैतिक तथा दैशिक भविष्यवाणियों की सत्यता से प्रसन्न होकर गुणज्ञ विद्वज्जन तथा अनेकों व्यापारी लोग प्रशंसा भरे पत्र भेजते रहते हैं। हम उनका हृदय से धन्यवाद करते हैं। इस नये पंचांग के प्रकाशित होने तक संवत् २०१७ विक्रमी के श्रीमार्तण्डपंचांग की ज्यौतिष शास्त्र द्वारा निर्णीत भविष्य-वाणियों की सत्यता के कुछ नमूने पृष्ठ, कालम, पंक्ति एवं उद्धरण सहित नीचे दिये जा रहे हैं।

(१) **मेडागास्करादि द्वीपों को फ्रांस ने स्वाधीन किया।** "फ्रांस....... किसी अपने स्वाधीन देश को स्वतन्त्र करके यशस्वी बनेगा।" (पृष्ठ ३, कालम दूसरा, पंक्ति ६)।

(२) **तिब्बत की प्रजा में भय-अशांति**—"तिब्बत की प्रजा में भय अशांति बनी रहेगी।" (पृष्ठ ३ कालम दूसरा-पंक्ति ८) तदनुसार इस वर्ष भी तिब्बती लोग चीनियों से भयभीत होकर इधर उधर भागते फिरते रहे हैं।

(३) **गुड़ शक्कर के व्यापारियों को भारी हानि**—हमने "भारत का व्यापार" शीर्षक में (पृष्ट ३ कालम दूसरे में) इस वर्ष गुड़, खाण्ड, शक्कर के व्यापारियों को भारी हानि उठाने का संकेत किया था। तदनुसार इस वर्ष गुड़, खांड के व्यापारी भारी घाटे में रहे हैं।

(४) **चिली में भूकम्प से ७ हजार जन मृत्यु**—ज्येष्ठ कृष्ण के पक्ष फल में लिखा था कि "किसी दुर्घटना से जनहानि हो।" (पृष्ट ४२) तदनुसार २१ मई ज्येष्ठ कृष्ण ११ को चिली में भूकम्प की दुर्घटना से भारी जन-हानि हुई।

(५) **तुर्की के शासक राष्ट्रपति को भय**—ज्येष्ठ शुक्ल के पक्षफल में लिखा था कि "पाश्चात्य राष्ट्रों के शासकों में भय हो।" (पृष्ठ ४३) तदनुसार इसी पक्ष में तुर्की में सैनिक शासन हुआ, और वहाँ के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आदि बन्दी बने।

"पाश्चात्य राष्ट्रों के शासकों में भय हो।" (पृष्ठ ६३) तदनुसार इसी पक्ष में तुर्की में सैनिक ... प्रधानमंत्री आदि बन्दी बने।

(६) **पटियाला प्रांत व रोहतक आदि में भीषण बाढ़**—भाद्रपद शुक्ल के पक्षफल में लिखा था "कहीं वृष्टि विशेष हो। कहीं नदी नालों से हानि हो।" (पृष्ठ ४९) तदनुसार इसी पक्ष में पटियाला प्रान्त व रोहतक आदि में जो जल से भारी हानि हुई है, वह किसी से छिपी नहीं है।


(७) **श्री फिरोज गांधी की मृत्यु**—भाद्रपद शुक्ल पक्ष के फल में लिखा था—"ति. अष्टमी से २४ दिन के अंदर किसी बड़े ख्यातनामा पुरुष की मृत्यु हो।" (पृष्ठ ४९) तदनुसार ठीक २४ दिन के भीतर ८ सितंबर को भारतमंत्री श्री नेहरू जी के जामाता यशस्वी, संसद-सदस्य, देशभक्त नेता श्री फिरोजगांधी की असामयिक मृत्यु हुई।

(८) **नेपाल म भय-चिंता**—"यहाँ की राजसत्ता में एक बार भय-चिन्ता बने।" (पृष्ठ ३ काल्म २) तदनुसार ग्रीष्म ऋतु में चीन द्वारा सीमातिक्रमण का भय प्रजा व राजसत्ता में व्याप्त हुआ था यह सब को विदित है।

इसी प्रकार अन्य दैशिक, राजनैतिक तथा वार्षिक व मासिक तेजी मन्दी आदि की भविष्य-वाणियाँ ९० प्रतिशत सत्य रहती हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि सदा की भांति भविष्य में भी इस पंचांग की भविष्यवाणियाँ यथार्थता से कदापि च्युत नहीं होंगी। श्रीमार्तण्डपंचाङ्ग की लोकप्रियता एवं ...। का रहस्य इसकी गणित-शुद्धता के साथ भविष्यवाणियों में गणमान्य व्यक्तियों की ...भिरुचि है।

आकाशी कौंसिल का विचार सं० २०१८

स्वतन्त्र भारत का जन्मलग्न



ता. १५ अगस्त शुक्रवार सन् १९४७ इष्ट ४५।२०


विमृश्य ग्रहसंस्थितिं मुनिवचः सिद्धान्तयित्वा स्फुटम्।
शास्त्रं शाकुनकं विचार्य नितरा-मालोच्य सत्संहिताः॥
राष्ट्रे राजसमाजधर्मविषये ह्युद्भाविनी या स्थितिः।
सा शम्भोः कृपया यथामति मया प्रागेव निर्णीयते॥

स्वतन्त्र भारत के जन्म की चलित कुण्डली




ग्रह भावस्पष्टानुसार यहां सू. शु. गु. श. चल गये हैं


स्वतन्त्र भारत के १५ वें वर्ष-प्रवेश की कुण्डली



मुस्लिम राष्ट्रों के नववर्ष प्रवेश की कुण्डली



युरोपीय राष्ट्रों के नववर्ष-प्रवेश की कुण्डली



पाठको! जिस तरह इस भूमण्डल पर लोकतन्त्र राज्य का शासन करने के लिए शासन-मण्डलमें प्रधानमन्त्री आदि कौंसिल के अधिकारियों की मत-प्रदान (चुनाव) के अनन्तर तीन या पांच वर्ष के लिए नियुक्ति होती है, और उन अधिकारप्राप्त व्यक्तियों की योग्यता अयोग्यता सच्चरित्रता दुश्चरित्रता निःस्वार्थता एवं स्वार्थपरायणतादि गुणावगुणों के अनुसार जसे शासनयन्त्र पर अच्छा बुरा असर पड़ता है उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहोंकी परिषद् में प्रतिवर्ष संसारचक्र को चलाने के लिए एक दिव्य एवं अद्भुतशक्तिमती आकाशी कौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशी कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट फेर तथा अघटित घटनाएँ घटित होती हैं। वह त्रिकालज्ञ महर्षियों के निर्मित ज्योतिर्विज्ञान के ग्रन्थों के आधार से अच्छी तरह जानी जा सकती है।

इस वर्ष की आकाशी कौंसिल से ज्ञात होता है कि यह वर्ष ऐतिहासिक माना जायगा। जनता में शंका एवं कम परिश्रम से विशेष लाभ प्राप्त करने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। मध्य वर्ग की जनता आर्थिक व खाद्यसंकट का विशेष अनुभव करेगी। मकरराशिस्थ गरु-शनैश्चर से सम्बन्ध करता हुआ धर्मस्थान को देख रहा है। जो धार्मिक स्थानों के विषय में निर्धारित सरकारी नीति से धार्मिक क्षेत्रों में असंतोष उत्पन्न होना सूचित करता है। शनि-गति-वशात् इस वर्ष औद्योगिक दृष्टि से भारत अच्छी उन्नति की ओर अग्रसर होगा। अनेक लोह प्रधान कारखानों की उन्नति होगी। भारतीय नव वर्षारंभ व राजा, मंत्री आदि के फलों को देखते हुए इस विक्रमी वर्ष का पूर्वार्ध आश्विन तक प्रायः भारतीय जनता के लिए शुभफलप्रद होगा। इस वर्ष के राजा व धान्येश शुक्र और मंत्री गुरु बने हैं जो भारतीय जनता की रुचि धर्म दान की ओर करेंगे। राजा मंत्री का पद शुभ ग्रहों को प्राप्त होना सुख समृद्धि देने वाला माना जाता है।

वर्षारम्भ कुण्डली और वर्ष के मुख्याधिकारियों को देखते हुए अभी बड़े विश्व-युद्ध का योग नहीं है। वर्ष के उत्तरार्द्ध से अकाल व रोगों से कहीं नर व पशु पीड़ित हों, मृत्यु भी हो और तीनों प्रकार के यानों की अनेक भयप्रद दुर्घटनाएं हों।

विश्वभविष्य

इस वर्ष क्रूरत्रयी (शनि, भौम, केतु) के प्रभाव से अन्तर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों से व घृणास्पद रंग-

भेदनीति से राष्ट्रों में आन्तरिक अशांति रहेगी। परस्परविरोधी हलचलें व राजनैतिक उलट फेर होंगे। शीतकाल में किसी उत्पात के कारण कई प्रान्तों की काया पलट, कहीं कोई जनपद वा नगर भूमिसात् हो। विश्व के कोई राजा, शासक वा जनता बेघरबार होकर इधर, उधर भगती फिरे। कहीं नदियों के बहाव का रास्ता बदले। कहीं सूखी जगह झीलवत् हों और कहीं जलाशय सूख जाएं। कहीं, बिजली उपल वृष्टि से महाभय हो। बाल वृद्धों को विशेष रोग भय भी हो। कहीं उत्पात के कारण दूर तक दीपक न जले। भाद्रपद के बाद किसी बड़े पुरुष का स्वास्थ्य बिगड़े या उसकी मृत्यु हो। किन्हीं दो राष्ट्रों में राजनैतिक भिन्नता आन्तरिक शत्रुता में और कहीं शत्रुता मित्रता में परिणत होगी। नव-स्वतंत्रता-प्राप्त देशों को भारी भारी कठिनाइयें सहन करनी पड़ें। किन्हीं दो देशों की समस्या के हल से कहीं खुशी व कहीं नाराजी हो। जल राशि मकर में अग्नितत्त्व-प्रधान मंगल के साथ शनि का संबंध होना विश्व में जल व अग्नि-प्रधान उपद्रवों एवं कहीं एकदेशीय युद्ध का सूचक है। भारत का वायव्य भाग, तथा पश्चिमी पंजाब सिंध व बिहार, नेपाल, भूटानादि तथा चीन में महाभय हो। पौष शुदी १ से माघ शुदी १५ तक कहीं चल अचल सम्पत्ति की भारी हानि के साथ प्राणियों की भी हानि हो। कहीं गिरिशृङ्ग आदि टूटें, मीनार गिरें। पौष में शुक्र शनि दोनों एक राशि मकर में अस्त होते हैं—

"शुक्रसौर्योर्द्वयोरस्त मेकराशौ यदा भवेत्।
अन्नपीड़ा तथा युद्धं देशे देशे च विग्रहः॥"

अन्यच्च—"शशिसूर्यसमायोगे पञ्चग्रहसमन्विते।
महारोगभयं राष्ट्रे राजयुद्धं भविष्यति॥
जायते जननाशश्च मंत्रिणो मरणं भवेत्॥" (वसिष्ठः)

भारत—इस वर्ष वर्षेशादि लग्नों को देखते हुए ज्ञात होता है कि वर्ष के पूर्वार्ध में भारत विकासोन्मुख रहेगा। अन्य राष्ट्रों से भी सहानुभूति का पात्र बनता हुआ वहाँ से अच्छी सहायता प्राप्त करेगा। कहीं प्रान्तीय सरकारों की जगह राष्ट्रपति के शासन होने के योग हैं। वर्ष में कई बार राष्ट्रपति के अध्यादेश लागू होंगे। कहीं राजनैतिक परस्परविरोधी दलों के संघर्ष से जनता को हानि पहुँचेगी। शीतकालिक सरकारी समारोह गतवर्ष की अपेक्षा फीके रहेंगे। प्रचलित योजनाओं में बाधा व कहीं अराजकता जैसी स्थिति उत्पन्न होगी। मार्गशीर्ष के बाद शासक-वर्ग को किसी विशिष्ट व्यक्ति के वियोग का भय है। शनैश्चर-दृष्टि-वशात् भारत को पूर्वोत्तर से भय रहे।

भारत सरकार—इस वर्ष भारत की राजसत्ता के लिये ग्रहस्थिति साधारणतया ठीक है। शासक-वर्ग बहुधा हैरान व परेशान रहेगा। सेनाध्यक्ष भौमपति-वशात् सरकार का सैनिक-सामग्री पर विशेष खर्च बढ़ाएगा। सरकार की खाद्य-नीति सफल नहीं होगी। विदेश-नीति में कुछ महत्त्व के फेरफार करने को बाध्य होना पड़ेगा। मुद्रा में कुछ और परिवर्तन का योग है। इस वर्ष प्रधान शासक व नेताओं को भयप्रद योग है। इसलिये अंगरक्षकों का सावधान रहना कल्याणप्रद है। यहाँ शनैश्चर का केतु से युक्त होना भारतसरकार की आर्थिक कठिनाई का द्योतक है। साथ ही श्रमजीवियों की किसी समस्या को हल करने की चिन्ता रहेगी। सरकार को इस वर्ष जन-जीवनोपयोगी कई वस्तुओं पर नियंत्रण करना पड़ेगा, फिर भी जनता कष्ट में रहेगी। ज्येष्ठ या भाद्रपद के करीब नगररक्षक पुलिस और राजनैतिक संस्थाओं को [illegible] सेनाध्यक्ष को इधर उधर की दौड़ भाग करनी पड़ेगा। कई जगह बड़े पदाधिकारियों का छोटे कर्मचारियों से बिगड़ेगी। इस वर्ष भारत के कर्णधारों की संसार में प्रतिष्ठा वृद्धि होगी।

—अन्य राष्ट्र—

रूस—इस वर्ष इस देश का बल व प्रभाव बढ़ेगा। वैज्ञानिक उन्नति भी विशेष होगी। प्रजा के किसी संघ पर दण्डनीति का भारी वर्ताव होगा। प्रधानमन्त्री ख्रुशोव के विचारों की यहाँ विजय रहेगी।

ब्रिटेन—भारत से व्यापार में वृद्धि होगी। प्रजा में किसी न किसी प्रकार का भय व्याप्त रहेगा।

अमेरिका—इस वर्ष इस देश की प्रजा व शासक-वर्ग में कुछ हैरानी रहेगी। यहाँ के शासक लोग विश्व-शांति की योजना में उत्साह दिखाएंगे। देशरक्षा के उपाय में विशेष खर्च होगा।

पाकिस्तान—इस वर्ष यहाँ की वर्षकुण्डली को देखते हुए ज्ञात होता है कि यहाँ २३ वैशाख के बाद किसी समस्या के सुलझने से प्रसन्नता हो। जीवनोपयोगी अन्नादि वस्तुओं की महर्घता से भारी कष्ट होगा। इधर उधर से अन्न का आयात भी करना पड़ेगा, और भारत से सम्बन्ध साधारणतया अच्छे रहेंगे, यहाँ कहीं उत्पात से हानि हो।

अरब—इस वर्ष अरब गणराज्य परस्पर एकता के सूत्र में बंधेंगे। मिश्र में प्रजा का स्तर ऊँचा होगा। अकाल से कष्ट होगा।

नेपाल—बर्मा—इस वर्ष नेपालादि पर्वतीय राज्यों की जनता को हैरानी व कष्ट सहन करने पड़ेंगे। आर्थिक स्थिति खराब रहेगी। विशेष कारण-वश बर्मा की जनता शस्त्र-संग्रह अधिक करेगी।

चीन—चीन की वर्षकुण्डली को देखते हुए मालूम होता है कि इस वर्ष इस देश में महामारी व प्रकृतिप्रकोपों से जनता का संहार हो। खाद्यसमस्या का संकट भी शासकों को हैरान करेगा।

जापान—इस वर्ष प्रकृतिकोप से भय हो। अमेरिका के साथ संबंध अच्छे नहीं रहेंगे, कुछ कटुता बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति कुछ ठीक रहेगी।

—व्यापारिक जगत्—

इस वर्ष की आकाशीय ग्रहस्थिति को देखते हुए ज्ञात होता है कि इस विक्रमी वर्ष के उत्तरार्ध में अन्न की विशेष तेजी रहेगी। व्यापार में प्रायः कई अन्नादि वस्तुओं पर सरकारी नियंत्रण रहेगा। प्रथम ज्येष्ठ शुदी दशमी के बाद अन्त में कुछ मन्दी आने पर गृहस्थों को चाहिये कि अपने गृहस्थ के जीवनोपयोगी अन्न वर्ष भर के लिये संग्रह करके रखें, ताकि आगे अपने परिवार को कष्ट का सामना न करना पड़े। समय पर मक्की, बाजरा भी संग्रह करना ठीक रहेगा। व्यापारेश बुध की गतिको देखते हुए ज्ञात होता है कि इस वर्ष भारतकी आर्थिक समस्या अधिक उलझी रहेगी, जिससे यहाँ के व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। चोर बाजारी भी विशेष चलेगी। भाद्रपद मास के पूर्व ही जीरा, हल्दी, पारा, शीशा, कस्तूरी, गुड़, हींग इनके संग्रह करने वाले व्यापारियों को तीन मास के बाद अच्छा लाभ रहेगा। इस वर्ष व्यापारियों को अन्नसंग्रह करना लाभप्रद तो है, परन्तु राजकीय अंकुश भी पूर्णरूप से रहेगा। अतः अन्न [illegible]

। का व्यापार विचार से करें। इस विक्रमी वर्ष के उत्तरार्ध में [illegible] न की अधिक संभावना रहेगी।

का व्यापार विचार से करें। इस विक्रमी वर्ष के उत्तरार्ध में मकई, बाजरा, ज्वार, कोद्रव (कोदा) जैसे अन्न की भी कदर बढ़ेगी। सरकार को अन्न का आयात बाहर से करना पड़ेगा।

सरसों मूंगफली आदि—वैशाख कृ. ३० से प्रथम ज्ये. सुदी ११ तक तेल, मूंगफली, सरसों आदि में तेजी अच्छी रहेगी। प्रथम ज्ये. सु. १२ से द्वि. ज्ये. सु. ९ तक मंदी का प्रभाव रहेगा। फिर द्वि. ज्ये. शुक्ल १० से आषाढ़ कृ. ९ तक एक तेजी का उछाला आवेगा। आषाढ़ कृ. १० से आषाढ़ शुक्ल ६ तक घटा-बढ़ी से मंदी रहेगी। आषाढ़ शुक्ल ७ से आश्विन शुक्ल ५ तक मंदी के रिएक्शनों के साथ तेजी रहेगी। मार्ग. सु. १० से पौष कृ. ५ तक तेल, मूंगफली व सरसों में तेजी रहेगी। पौष कृ. १४ से आगे सरसों, मूंगफली, अलसी-तिलहन व तिल, तेल के भावों में और भी तेजी रहेगी। पौष कृ. ७ के बाद प्रायः सभी जीवनोपयोगी वस्तुएँ खास कर तेज रहेंगी।

औषधियें—इस वर्ष औषधियों के भावों में तेजी रहेगी। कुछ औषधियों के आयात पर नियंत्रण संभव है। अतः औषधियों को ज्येष्ठ तक सस्ते मूल्य में संग्रह करने से उत्तम लाभ मिलेगा। इस वर्ष डाक्टर वैद्य व जर्राह लाभ में रहेंगे।

काष्ठ आदि—इस वर्ष लकड़ी कोयले के भाव में अच्छी तेजी रहेगी। घृत का भाव वैशाख से ही तेज रहेगा। रंग के व्यापारियों को इस वर्ष बड़ी सावधानी से काम करना चाहिये। असावधानी से हानि हो सकती है, क्योंकि रंग के भाव में बहुत उतार चढ़ाव चलेगा।

धातु बाजार—लोहा, जस्ता, तांबा, पीतल आदि धातुएँ कार्तिक से पौष तक मन्दी रहेंगी। इस मंदी में प्रत्येक धातु खरीदकर रखनेवाले व्यापारी आगे कुछ समय के बाद भारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। फरोख्त करने का समय पत्र द्वारा हमसे पूछें।

सोना चान्दी—इस वर्ष सोना, चाँदी के नये भाव देखने पड़ेंगे। आषाढ़ से भाद्रपद तक भयंकर अचिन्तित घटाबढ़ी होगी परिणाम तेजी का रहेगा। जनता की मनोवृत्ति सुवर्ण संग्रह की तरफ विशेष रहेगी। प्रथम ज्येष्ठ सुदी १२ से आषाढ़ सुदी १५ तक सुवर्ण में तेजी का असर अच्छा रहेगा। द्वितीय ज्येष्ठ कृ. ८ के बाद शुद्ध ज्ये. शु. ४ तक चांदी में मंदी का खासा उछाला आएगा। उसके बाद श्रावण कृ. ६ तक अच्छी तेजी रहेगी। तदनन्तर भाद्रपद सुदी ७ से आश्विन कृ. ३० तक और कार्तिक कृ. १३ से मार्ग कृ. ७ तक चांदी में मंदी का वातावरण रहेगा।

रुई—इस वर्ष रुई के बाजार में गुरु-शनि की स्थितिवशात् जनरल लाइन प्रायः तेजी की तरफ रहेगी। भारत को रुई का आयात विदेशों से भी करना पड़ेगा। फसल के समय पर रुई संग्रह करने से व्यापारियों को लाभ रहेगा। वैशाख कृष्ण व आषाढ़ कृष्ण के शु[illegible] में आगे रुई की मन्दी का ध्यान रखकर सौदा करने से एक मास के अन्दर अच्छा लाभ मिलेगा। ऐसे ही पौष सुदी में आगे तेजी का ध्यान रख कर रुई का व्यापार करें तो २५ दिन में लाभ मिले।

मिर्च, मसाला में कार्तिक तक अच्छी तेजी रहेगी। चतुष्पदों में इस वर्ष बैल, घोड़े तेज रहेंगे।

शेयर—द्वितीय ज्येष्ठ सुदी १४ से शेयर बाजार में गरमी रहेगी। सिमेंट भी कुछ तेज रहेगा। टाटा आर्डीनरी के भाव भी ऊँचे रहेंगे।

विशेष—प्रथम ज्येष्ठ कृ. ४ (४-५-६१) से वायदा व्यापार में किसी घटना वश या किसी अफवाह के कारण ऐसा वातावरण बने जो कि वायदा बाजार को तेजी से एकाएक मोड़ कर विशेष मन्दे की ओर ले पटकेगा। यहाँ बहुत से व्यापारियों को हानि होगी। सावधानी से काम करें। वायदा व्यापारियों को प्रायः आश्विन तक सावधानी से व्यापार करना चाहिये इस समय में लाभ का कम और हानि की अधिक संभावना रहेगी।

खांड गुड़ शक्कर—इस वर्ष भी गुड़, खांड, शक्कर के व्यापार में विशेष सावधानी की जरूरत है। भारी घटा-बढ़ी होगी। जो व्यापारी लाभ उठाना चाहें वे हमसे प्रत्यक्ष मिलें या पत्रव्यवहार करें। हम सामयिक शकुनविचार और ग्रहस्थिति को मिला कर अच्छा लाभ का मौका बतला सकेंगे।

भारत की वर्षा वायु पर ग्रहों का प्रभाव—इस वर्ष पहिले वर्षा ऋतु में अनियमितता रहकर फिर वर्षा ठीक रहेगी। द्वितीय ज्ये. सुदी १३ आषाढ़ सुदी ४ तक बहुत जगह बीज बिजाई के योग्य अच्छी वर्षा हो जायेगी। आषाढ़ शु. ५ से श्रावण कृष्ण ८ तक वर्षा की कमी बहुत जगह रहेगी। वहाँ कृषक-वर्ग चिन्तातुर रहेगा। श्रावण कृष्ण १० से श्रावण सुदी ३ तक वर्षा अच्छी होगी। श्रावण सुदी ५ से भाद्रपद कृ. ५ तक कहीं कहीं फूटे घड़े की तरह वृष्टि होगी, कहीं सूखा कहीं जल से फसल को हानि पहुँचे। भाद्र कृ. ६ से आश्विन कृ. २ तक बहुत-जगह वर्षा की कमी रहेगी। कहीं तो वर्षा का बिल्कुल अभाव ही रहेगा। आश्विन कृष्ण ३ से आश्विन सुदी १ तक कहीं कहीं खण्डवृष्टि होती रहेगी। आगे आश्विन शु. १५ तक कहीं-कहीं मामूली बूंदाबांदी करती हुई वर्षा ऋतु समाप्त होगी। माघ कृ. १२ से माघ सुदी ९ तक प्रायः सभी ग्रह अमृत नाड़ी में हैं, और मंगल जल नाड़ी में है अतः इस अवधि में उत्तर भारत में बहुत जगह हानिकारक वर्षा होगी।

विशेष ध्यान देने योग्य—माघ कृष्ण १३ शनिवार (३ फरवरी) से माघ शुक्ल १ चन्द्रवार (५ फरवरी) तक कहीं भारी वृष्टि से, कहीं भकम्प से, कहीं प्रचण्ड वायु के प्रकोप से छतों की टीन व छप्पर उड़ने से एवं कहीं अन्य उत्पात से हानि का भय है।

गोल एवं अष्टग्रही (कूट)-योग

२४ जनवरी १९६२ को मध्याह्न के समय मंगल मकरस्थ सूर्य, बुध, गुरु, शुक्र, शनि एवं केतु के साथ राशि सम्बन्ध करके गोल योग बनाएगा। इसके अनन्तर ३ फरवरी १९६२ को १७ घं. ३७ मि. (I. S. T.) पर चन्द्रमा भी इन सात ग्रहों के साथ मकर में आ मिलेगा। इस प्रकार इस दिन कूट-योग प्रारम्भ होगा। यह योग ५ फरवरी १९६२ को शाम के ९ घं. ४५ मि. (I. S. T.) तक, जबकि चन्द्रमा अन्य सात ग्रहों से पृथक् होता हुआ कुम्भ में प्रविष्ट होगा, रहेगा। इसके बाद पुनः गोल-योग बनेगा, जो ९ फरवरी १९६२ के मध्याह्न तक, जबकि शुक्र मकर को छोड़ेगा, रहेगा।

५ फरवरी १९६२ को ५ घं. ४० मि. (I.S.T.) पर दर्शान्त (सूर्य चन्द्र का शून्य अन्तर) होगा। इस समय के स्पष्ट निरयण भूमध्य स्पष्ट ग्रह एवं उनके शर आदि इस प्रकार हैं—

ग्रह→	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	के.
रा.	९	९	९	९	९	९	९	९
अं.	२२	२२	९	२३	२५	२४	१०	२८
क.	२४	२४	३	४०	१९	२९	२४	४९
वि.	३	३	९	१	२३	४८	२९	४८
नक्षत्र	श्रव.	श्रव.	उ.षा.	धनि.	धनि.	धनि.	श्रव.	धनि.
नाड़ी	अमृत	अमृत	जल	अमृत	अमृत	अमृत	अमृत	अमृत
	...	+०°।१३′	−१°।०′	+३°।३२′	−०°।४१′	−१°।१८′	−०°।२२′	...


ग्रह स्थिति देखने से स्पष्ट है कि यह अष्ट-ग्रह-युति १६°।१६' के भीतर २ होगी। ४-५ फरवरी को सभी ग्रह सूर्य के निकटस्थ होने के कारण सूर्य प्रकाश में लुप्त रहेंगे, उनके बिम्ब आकाश में नेत्रों से दिखाई नहीं देंगे।

हमारे सौर परिवार के आकाशस्थ ग्रहों के भ्रमण का प्रभाव विश्व पर समष्टि व व्यष्टि रूप से अवश्य पड़ता है। इसीलिये शास्त्रों में लिखा है कि—"ग्रहाधीनं जगत्सर्वम्।" ज्योतिष शास्त्र से सिद्ध है कि हमारा भूखण्ड ग्रहों के आकर्षण विकर्षण के कारण यथास्थान स्थित है। परन्तु यदि वे सभी ग्रह एक ही स्थान पर स्थित हो जायें तो आकर्षण विकर्षण का तारतम्य बिगड़ जाने के कारण जिस भूपृष्ठ के बिन्दु पर आकर्षण का धक्का लगता है, उसी स्थान पर भूगर्भस्थ ज्वालामुखी आदि भड़क कर भूकम्पादि से महान् नाश का दृश्य उपस्थित कर देता है—यह खगोल-सम्बन्धी वैज्ञानिक तथ्य है। प्रभु-कोप-जनित भूकम्प जैसी विनाशकारी शक्ति के आगे आज का महा-वैज्ञानिक भी उतना ही असहाय है, जितना की एक ज्ञानशून्य मानव सृष्टि के आदि में था। ग्रहगतिजन्य हलके भूकम्प की शक्ति भी जापान के हेरोशिमा शहर को नष्ट करने वाले परमाणु बम से कहीं अधिक होती है। ऐसे उत्पात के समय मनुष्य को सोचने व भागने को भी समय नहीं मिलता। भागे तो जाय भी कहाँ, उस समय तो एक ईश्वर ही अनन्य शरण होता है। सप्तग्रही व अष्टग्रही योग के समय इन ग्रहों के साथ चन्द्रमा के संयोग होने पर जहाँ तहाँ कहीं न कहीं भूकम्प का खतरा अवश्य होता है। इस वर्ष अष्टग्रही-योग मकर राशि पर बना है (इस योग के समय खगोल में जैसी ग्रहस्थिति होगी उसका प्रदर्शन चिरंजीव प्रियव्रत ने चित्र द्वारा किया है)।

इस अष्टग्रही का फल जिस राष्ट्र वा देश में हिंसा, ठगी, चोरी, नास्तिकता, अनाचार, पाप, व्यभिचारादि की वृद्धि होगी, वहीं होगा—अन्यत्र नहीं। **कुछ ज्योतिषशास्त्रानभिज्ञ व्यक्ति इस अष्टग्रही का फल प्रलय से समस्त विश्व का नाश, और विश्वयुद्ध से सम्पूर्ण जगत् का संहार बतलाते हैं—यह गलत है।** क्योंकि सूर्यसिद्धान्त, सिद्धान्ततत्त्वविवेकादि ग्रन्थों के अनुसार जिस समय सभी ग्रह उच्चपातों सहित मेषादि में होते हैं तभी प्रलय होती है। यदि मनुष्य की मध्यमायु सौ वर्ष की मान ली जाय तो मनुष्य अब से आगामी प्रलय तक दो करोड़ चौंतीस लाख सत्तर हजार पाँच सौ नौ बार जन्म ले सकता है। अतः इस अष्टग्रही की स्थिति से प्रलय की आशङ्का नहीं करनी चाहिये। यह अष्टग्रही योग कन्या राशि में स्वतन्त्र भारत के समय आज से करीब आठ सौ वर्ष पूर्व भी आ चुका है। जिसके फल से भारत पर अनेक उत्पात व यवनों के भयंकर आक्रमण हुए हैं। जिससे भारतीय जनता को असह्य कष्ट व निरपराध असंख्य व्यक्तियों को मौत के घाट उतरना पड़ा और जबरदस्ती धर्मपरिवर्त्तन भी हुआ। साथ ही यह देश परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ा गया था। उस समय यह योग अग्निकारक राहु के साथ बना था और इस वर्ष यह उत्पातकारक केतु के साथ बना है। यह कुछ अन्तर है। इस वर्ष इस दिन खग्रास सूर्यग्रहण भी है जो भारत में

ही है। सात ग्रह इकट्ठे होने से गोल योग माना जाता है। जिसका फल इस प्रकार है—

आकाश में अष्टग्रह योग दर्शन



इस्लाम के मानने वाले भाई भी अपने धर्म के अनुसार विधिपूर्वक इबादत करें।

यह कुछ अन्तर है। इस वर्ष दस दिन पश्चात् सूर्यग्रहण भी है जो भारत में ...

ही है। सात ग्रह इकट्ठे होने से गोल योग माना जाता है। जिसका फल इस प्रकार है—

"सप्त ग्रहा यदैकत्र गोलयोगस्तदा भवेत्।
दुर्भिक्षं राष्ट्रपीड़ा च तस्मिन् योगे न संशयः॥"

चण्डेश्वर ग्रंथ में अष्टग्रही का फल ऐसे लिखा है—

"राहुर्मन्दो महीजो रविशशिभृगवो, वाक्पतिश्चन्द्रपुत्रो।
यद्येते चैकराशौ ग्रहगणसहिताः संगताः स्यु स्तदा स्यात्॥
हाहाकारः समन्तात् पुरनगरलयश्छत्रभंगो नृपाणाम्।
प्रालेयो (=हिमपातः) भूमिकम्पो मनुजहतिकरः सर्वसंहारकारी॥"

अर्थात्—राहु, शनि, मंगल, सूर्य, चन्द्र, शुक्र, गुरु एवं बुध ये आठों ग्रह एक ही राशि पर इकट्ठे हो जायें तो संसार में कहीं हाहाकार मचता है। कहीं नगर ग्रामों का विनाश, कहीं छत्रभंग, कहीं भयंकर हिमपात एवं भूकम्प से असंख्य प्राणियों का संहार होता है। स्मरण रहे कि संवत् १९९० की माघ की अमावस्या (१५ जनवरी सन् १९३४) को दिन के करीब ३ बजे ६ ग्रहों के साथ सातवाँ चन्द्रमा जिस क्षण मिला ठीक उसी क्षण बिहार, बंगाल, व नेपाल में अत्यन्त भीषण भूकम्प आया था। जिससे वहाँ जन, धन, स्थावर, सम्पत्ति का महाविनाश हुआ था। हमने अपनी जन्त्री पत्री में इस भूकम्प की भविष्यवाणी स्पष्ट शब्दों में एक वर्ष पूर्व ही कर दी थी। उस समय हमारी भविष्यवाणी पर भारत के वर्तमान राष्ट्रपति श्री डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी ने भी आश्चर्य प्रकट किया था और उन्होंने गत ९ दिसंबर सन् १९५५ को राष्ट्रपति भवन देहली में विद्वन्मण्डल के सम्मुख हमारी इस भविष्यवाणी की चर्चा प्रशंसा भरे शब्दों में की थी। इस होने वाले अष्टग्रही योग के फलस्वरूप इस योग से कुछ मास पूर्व और बाद भी १९६५ तक विश्व के राष्ट्रों पर अनेक भय व समस्याएं रहेंगी।

आने वाले भयानक संकटों से रक्षा के उपाय—पाठको! हम कई वर्ष पूर्व अपने इस पंचांग में अष्टग्रहीजन्य भविष्य और शास्त्रीय संकेत कर चुके हैं। यह योग विश्व में कहीं-कहीं भयानक प्राकृत-प्रकोप भूकम्पादि व महामारी कहीं कुछ युद्ध आदि से नर-संहार करनेवाले हैं। चिरकाल पूर्व इस अशुभ अष्टग्रही फल को लिख कर जनता को जतलाने का हमारा यह उद्देश्य कदापि नहीं है, कि हम जनता या किसी शासक-वर्ग को आतंकित करें—अपितु—हमारे इस संकेत का यही भाव है कि भावी अष्टग्रहों के अशुभ फलों से विश्व की जनता को अवगत कराकर उससे बचने का उपाय बतलाया जाए। हम नहीं चाहते कि कोई भी व्यक्ति इस फल से अचेत होकर समय पर कष्ट भोगे। इस योगके संकट को दूर करने के लिए, आश्विन शुक्ल नवरात्रों से ही वैयक्तिक रूप से अपने-अपने घरों में कलशस्थापन पूर्वक नवार्ण मंत्र से सम्पुटित दुर्गापाठ की कम-से-कम नवावृत्ति अवश्य कराएं। तदनन्तर यथाविधि हवन, कन्या, बटुक पूजन करें, और भारत के प्रत्येक ग्राम व नगर वासी एकत्र होकर यथाशक्ति, भक्तिभावपूर्वक शतचण्डी, सहस्रचण्डी, लक्षचंडी आदि करवाएं। विश्व की सब सरकारों को भी चाहिये कि अपनी प्रजा के कल्याणार्थ अपने-अपने सम्प्रदायानुसार जप, पाठ, शांतियज्ञ व सामूहिक धार्मिक अनुष्ठान कराएं। बच्चों व गरीबों को अन्नदानादि से सन्तुष्ट करें। हमारा तो यही विचार है कि प्रत्येक शहर व ग्राम के मुहल्लों में शांतियज्ञों के अतिरिक्त आडम्बररहित प्रभुकीर्तन तथा जगन्माता महाकाली प्रीत्यर्थ अखण्ड जप तथा जागरण होते रहें। विशेष कर माघ कृष्ण में—माघ कृष्ण ९ से माघ शुक्ल १ प्रतिपदा तक देवस्थानों में अखण्ड कीर्तन बड़े जोर-शोर से होने चाहिये। साथ ही श्रीचण्डी, वाल्मीकि रामायण, तुलसी-कृत रामायण, तथा श्री ग्रन्थ-साहब जी के अखण्ड पाठ भी अपनी श्रद्धाभक्ति के अनुसार प्रेमपूर्वक करें।

इस्लाम के मानने वाले भाई भी अपने धर्म के अनुसार विधिपूर्वक इबादत करें। जहाँ भी भगवान् का कीर्त्तन, स्मरण, पाठादि होंगे। वहाँ कोई भी उत्पात प्रजा का बाल बांका नहीं कर सकते। भगवान् के भक्तों का कभी नाश नहीं होता। गीता में भगवान् ने कहा है कि——हे अर्जुन "न मे भक्तः प्रणश्यति"। जिस घर ग्राम व देश में उपरोक्त सदुपदेश का यथासामर्थ्य पालन होगा, वहाँ प्रभु की सुदृष्टि कोई अनिष्ट नहीं होने देगी—इसमें कोई संशय नहीं। श्री तुलसीदास जी ने अपनी रामायण में लिखा है कि—"सकल विघ्न व्यापहि नहि ताहीं। राम कृपा सुविलोकित जाहीं॥"

किन-किन राशि वालों को विशेष भय—यह अष्टग्रही योग जिन देशों, नगरों, व्यक्तियों की राशि से सातवें, नवम में विशेष कर पहले व चौथे, आठवें, बारहवें होगा, उनके लिए शास्त्रों में विशेष अरिष्ट लिखा है। उन देश एवं नगर वासियों को सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से स्व-स्व-धर्मानुसार धार्मिक कृत्य अवश्य करने चाहिएं। और यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, सुवर्ण चांदी व काल चक्रादि का दान भी करें। अत्रि-संहिता में लिखा है कि—दान के समान कल्याण-कर्त्ता मित्र इस लोक एवं परलोक में कोई भी नहीं—"नास्ति दानात्परं मित्रमिह लोके परत्र च"

अष्टग्रही की शांति में यह संकल्प पढ़ें—"ओं अद्येत्यादि देशकालौ संकीर्त्य अमुक-गोत्रोऽमुकशर्माऽहं मम श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलावाप्तये अस्मिन्पुण्याहे मम जन्मराशौ जन्म-नक्षत्रे वा जन्मराशेः सकाशाद्वा चतुर्थाष्टमद्वादशपंचमाद्यनिष्टस्थानस्थिताः सूर्यादयः—अष्ट-ग्रहा स्तः सूचितं सूचयिष्यमाणं च सर्वमरिष्टजातं परिहर्तुं सर्वदा तृतीयैकादशशुभ-स्थानस्थितवच्छुभफलप्राप्त्यर्थं तथा दशान्तर्दशोपदशादिनदशाजनितपीडाल्पायुरर्थनाशस्थान-नाशमानहानि-महारोग-दुर्भिक्ष-जल-भूकम्पादि- महाभयाधिदैवाधिभौतिकाध्यात्मिकजनित-क्लेशनिवृत्तिपूर्वकशरीरारोग्यार्थम्, परमैश्वर्यादिप्राप्त्यर्थम्, श्रीसूर्यादिग्रहप्रसादार्थं च सनवग्रहमखां सूर्याद्यष्टग्रहयोगशांतिमहं करिष्ये।"

अनिष्ट फलवाली राशि वाले जो मनुष्य दान शांति नहीं करेंगे वे अशुभ फलों के अवश्य भागी होंगे।

"ये च न प्रतिकुर्वन्ति क्रियया श्रद्धयान्विताः। नास्तिक्याद्वा विमोहाद्वा विनश्यन्त्येव तेऽचिरात्॥"

१४ जुलाई १९६० को इटली के रहस्यवादियों ने प्रलय की निराधार अशास्त्रीय भविष्यवाणी करके विश्व को व्यर्थ में ही आतङ्कित कर डाला था। उस समय मुझसे भी अनेक महानुभावों ने इस विषय में पूछताछ की थी, मैंने उन्हें इस भविष्यवाणी की अशास्त्रीयता बतला कर आश्वासित किया था।

विज्ञ महोदयो! इस वर्ष में घटित होने वाली राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संसार से सम्बन्धित घटनाओं का ज्योतिर्विज्ञानदृष्ट्या और प्रभकृपावशात् जो शुभाशुभ दीख पड़ा वह मैंने अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार लिख दिया है। आगे "कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ" भविष्य के निर्माता सर्वान्तर्यामी श्री प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल माया के सम्मुख अस्मदादि अल्पज्ञ व्यक्ति भविष्य लेखन की क्या क्षमता रख सकता है। "तत्त्वं त्वामेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।"

"अघटितमपि घटयति सुघटितमपि दुर्घटीकुरुते।
विधिरेव तानि घटयति यानि पुमान् नैव संचटते॥"

श्रीमार्तण्ड भवन
मु० पो० कुराली,
आश्विनकृष्ण १० भृगुवार (सं० २०१७)


शुभेच्छु :—
श्री बघाटनरेशाश्रित
मुकुन्दवल्लभ

यह स्थिति देखने से स्पष्ट है कि यह अष्ट-ग्रह-युति १६°।१६' के भीतर २ होगी। ४-५ फरवरी को सभी ग्रह सूर्य के निकटस्थ होने के कारण सूर्य प्रकाश में लुप्त रहेंगे, उनके बिम्ब आकाश में नेत्रों से दिखाई नहीं देंगे।

हमारे सौर परिवार के आकाशस्थ ग्रहों के भ्रमण का प्रभाव विश्व पर समष्टि व व्यष्टि रूप से अवश्य पड़ता है। इसीलिये शास्त्रों में लिखा है कि—"ग्रहाधीनं जगत्सर्वम्।" ज्योतिष शास्त्र से सिद्ध है कि हमारा भूखण्ड ग्रहों के आकर्षण विकर्षण के कारण यथास्थान स्थित है। परन्तु यदि वे सभी ग्रह एक ही स्थान पर स्थित हो जायें तो आकर्षण विकर्षण का तारतम्य बिगड़ जाने के कारण जिस भूपृष्ठ के बिन्दु पर आकर्षण का धक्का लगता है, उसी स्थान पर भूगर्भस्थ ज्वालामुखी आदि भड़क कर भूकम्पादि से महान् नाश का दृश्य उपस्थित कर देता है—यह खगोल-सम्बन्धी वैज्ञानिक तथ्य है। प्रभु-कोप-जनित भूकम्प जैसी विनाशकारी शक्ति के आगे आज का महा-वैज्ञानिक भी उतना ही असहाय है, जितना की एक ज्ञानशून्य मानव सृष्टि के आदि में था। ग्रहगतिजन्य हलके भूकम्प की शक्ति भी जापान के हेरोशिमा शहर को नष्ट करने वाले परमाणु बम से कहीं अधिक होती है। ऐसे उत्पात के समय मनुष्य को सोचने व भागने को भी समय नहीं मिलता। भागे तो जाय भी कहाँ, उस समय तो एक ईश्वर ही अनन्य शरण होता है। सप्तग्रही व अष्टग्रही योग के समय इन ग्रहों के साथ चन्द्रमा के संयोग होने पर जहाँ तहाँ कहीं न कहीं भूकम्प का खतरा अवश्य होता है। इस वर्ष अष्टग्रही-योग मकर राशि पर बना है (इस योग के समय खगोल में जैसी ग्रहस्थिति होगी उसका प्रदर्शन चिरंजीव प्रियव्रत ने चित्र द्वारा किया है)।

इस अष्टग्रही का फल जिस राष्ट्र वा देश में हिंसा, ठगी, चोरी, नास्तिकता, अनाचार, पाप, व्यभिचारादि की वृद्धि होगी, वहीं होगा—अन्यत्र नहीं। **कुछ ज्यौतिषशास्त्रानभिज्ञ व्यक्ति इस अष्टग्रही का फल प्रलय से समस्त विश्व का नाश, और विश्वयुद्ध से सम्पूर्ण जगत् का संहार बतलाते हैं—यह गलत है।** क्योंकि सूर्यसिद्धान्त, सिद्धान्ततत्त्वविवेकादि ग्रन्थों के अनुसार जिस समय सभी ग्रह उच्चपातों सहित मेषादि में होते हैं तभी प्रलय होती है। यदि मनुष्य की मध्यमायु सौ वर्ष की मान ली जाय तो मनुष्य अब से आगामी प्रलय तक दो करोड़ चौंतीस लाख सत्तर हजार पाँच सौ नौ बार जन्म ले सकता है। अतः इस अष्टग्रही की स्थिति से प्रलय की आशङ्का नहीं करनी चाहिये। यह अष्टग्रही योग कन्या राशि में स्वतन्त्र भारत के समय आज से करीब आठ सौ वर्ष पूर्व भी आ चुका है। जिसके फल से भारत पर अनेक उत्पात व यवनों के भयंकर आक्रमण हुए हैं। जिससे भारतीय जनता को असह्य कष्ट व निरपराध असंख्य व्यक्तियों को मौत के घाट उतरना पड़ा और जबरदस्ती धर्मपरिवर्तन भी हुआ। साथ ही यह देश परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ा गया था। उस समय यह योग अग्निकारक राहु के साथ बना था और इस वर्ष यह उत्पातकारक केतु के साथ बना है। यह कुछ अन्तर है। इस वर्ष इस दिन खग्रास सूर्यग्रहण भी है जो भारत में

आकाश में अष्टग्रह योग दर्शन



ही है। सात ग्रह इकट्ठे होने से गोल योग माना जाता है। जिसका फल इस प्रकार है—

... भी अपने धर्म के अनुसार विधिपूर्वक इबादत करें।

यह कुछ अन्तर है। इस वर्ष इस दिन खग्रास सूर्यग्रहण ...

ही है। सात ग्रह इकट्ठे होने से गोल योग माना जाता है। जिसका फल इस प्रकार है—

"सप्त ग्रहा यदैकत्र गोलयोगस्तदा भवेत्।
दुर्भिक्षं राष्ट्रपीड़ा च तस्मिन् योगे न संशयः॥"

चण्डेश्वर ग्रंथ में अष्टग्रही का फल ऐसे लिखा है—

"राहुर्मन्दो महीजो रविशशिभृगवो, वाक्पतिश्चन्द्रपुत्रो।
यद्येते चैकराशौ ग्रहगणसहिताः संगताः स्युस्तदा स्यात्॥
हाहाकारः समन्तात् पुरनगरलयश्छत्रभंगो नृपाणाम्।
प्रालेयो(=हिमपातः) भूमिकम्पो मनुजहतिकरः सर्वसंहारकारी॥"

अर्थात्—राहु, शनि, मंगल, सूर्य, चन्द्र, शुक्र, गुरु एवं बुध ये आठों ग्रह एक ही राशि पर इकट्ठे हो जायँ तो संसार में कहीं हाहाकार मचता है। कहीं नगर ग्रामों का विनाश, कहीं छत्रभंग, कहीं भयंकर हिमपात एवं भूकम्प से असंख्य प्राणियों का संहार होता है। स्मरण रहे कि संवत् १९९० की माघ की अमावस्या (१५ जनवरी सन् १९३४) को दिन के करीब २ बजे ६ ग्रहों के साथ सातवाँ चन्द्रमा जिस क्षण मिला ठीक उसी क्षण बिहार, बंगाल, व नेपाल में अत्यन्त भीषण भूकम्प आया था। जिससे वहाँ जन, धन, स्थावर, सम्पत्ति का महाविनाश हुआ था। हमने अपनी जन्त्री पत्री में इस भूकम्प की भविष्यवाणी स्पष्ट शब्दों में एक वर्ष पूर्व ही कर दी थी। उस समय हमारी भविष्यवाणी पर भारत के वर्तमान राष्ट्रपति श्री डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी ने भी आश्चर्य प्रकट किया था और उन्होंने गत ९ दिसंबर सन् १९५५ को राष्ट्रपति भवन देहली में विद्वन्मण्डल के सम्मुख हमारी इस भविष्यवाणी की चर्चा प्रशंसा भरे शब्दों में की थी। इस होने वाले अष्टग्रही योग के फलस्वरूप इस योग से कुछ मास पूर्व और बाद भी १९६५ तक विश्व के राष्ट्रों पर अनेक भय व समस्याएं रहेंगी।

आने वाले भयानक संकटों से रक्षा के उपाय—पाठको! हम कई वर्ष पूर्व अपने इस पंचांग में अष्टग्रहीजन्य भविष्य और शास्त्रीय संकेत कर चुके हैं। यह योग विश्व में कहीं-कहीं भयानक प्राकृत-प्रकोप भूकम्पादि व महामारी कहीं कुछ युद्ध आदि से नर-संहार करनेवाले हैं। चिरकाल पूर्व इस अशुभ अष्टग्रही फल को लिख कर जनता को जतलाने का हमारा यह उद्देश्य कदापि नहीं है, कि हम जनता या किसी शासक-वर्ग को आतंकित करें—अपितु—हमारे इस संकेत का यही भाव है कि भावी अष्टग्रहों के अशुभ फलों से विश्व की जनता को अवगत कराकर उससे बचने का उपाय बतलाया जाए। हम नहीं चाहते कि कोई भी व्यक्ति इस फल से अचेत होकर समय पर कष्ट भोगे। इस योगके संकट को दूर करने के लिए, आश्विन शुक्ल नवरात्रों से ही वैयक्तिक रूप से अपने-अपने घरों में कलशस्थापन पूर्वक नवार्ण मंत्र से सम्पुटित दुर्गापाठ की कम-से-कम नवावृत्ति अवश्य कराएं। तदनन्तर यथाविधि हवन, कन्या, बटुक पूजन करें, और भारत के प्रत्येक ग्राम व नगर वासी एकत्र होकर यथाशक्ति, भक्तिभावपूर्वक शतचण्डी, सहस्रचण्डी, लक्षचंडी आदि करवाएं। विश्व की सब सरकारों को भी चाहिये कि अपनी प्रजा के कल्याणार्थ अपने-अपने सम्प्रदायानुसार जप, पाठ, शांतियज्ञ व सामूहिक धार्मिक अनुष्ठान कराएं। बच्चों व गरीबों को अन्नदानादि से सन्तुष्ट करें। हमारा तो यही विचार है कि प्रत्येक शहर व ग्राम के मुहल्लों में शांतियज्ञों के अतिरिक्त आडम्बररहित प्रभुकीर्त्तन तथा जगन्माता महाकाली प्रीत्यर्थं अखण्ड जप तथा जागरण होते रहें। विशेष कर माघ कृष्ण में—माघ कृष्ण ९ से माघ शुक्ल १ प्रतिपदा तक देवस्थानों में अखण्ड कीर्तन बड़े जोर-शोर से होने चाहिये। साथ ही श्रीचण्डी, वाल्मीकि रामायण, तुलसी-कृत रामायण, तथा श्री गुरु-ग्रन्थ-साहब जी के अखण्ड पाठ भी अपनी श्रद्धाभक्ति के अनुसार प्रेमपूर्वक करें।

इस्लाम के मानने वाले भाई भी अपने धर्म के अनुसार विधिपूर्वक इबादत करें। जहाँ भी भगवान् का कीर्त्तन, स्मरण, पाठादि होंगे। वहाँ कोई भी उत्पात प्रजा का बाल बांका नहीं कर सकते। भगवान् के भक्तों का कभी नाश नहीं होता। गीता में भगवान् ने कहा है कि——हे अर्जुन "न मे भक्तः प्रणश्यति"। जिस घर ग्राम व देश में उपरोक्त सदुपदेश का यथासामर्थ्य पालन होगा, वहाँ प्रभु की सुदृष्टि कोई अनिष्ट नहीं होने देगी—इसमें कोई संशय नहीं। श्री तुलसीदास जी ने अपनी रामायण में लिखा है कि—"सकल विघ्न व्यापहि नहि ताहीं। राम कृपा सुविलोकित जाहीं॥"

किन-किन राशि वालों को विशेष भय—यह अष्टग्रही योग जिन देशों, नगरों, व्यक्तियों की राशि से सातवें, नवम में विशेष कर पहले व चौथे, आठवें, बारहवें होगा, उनके लिए शास्त्रों में विशेष अरिष्ट लिखा है। उन देश एवं नगर वासियों को सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से स्व-स्व-धर्मानुसार धार्मिक कृत्य अवश्य करने चाहिएं। और यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, सुवर्ण चांदी व कालचक्रादि का दान भी करें। अत्रि-संहिता में लिखा है कि—दान के समान कल्याण-कर्ता मित्र इस लोक एवं परलोक में कोई भी नहीं—"नास्ति दानात्परं मित्रमिह लोके परत्र च"

अष्टग्रही की शांति में यह संकल्प पढ़ें—"ओं अद्येत्यादि देशकालौ संकीर्त्य अमुक-गोत्रोऽमुकशर्माऽहं मम श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलावाप्तये अस्मिन्पुण्याहे मम जन्मराशौ जन्म-नक्षत्रे वा जन्मराशेः सकाशाद्वा चतुर्थाष्टमद्वादशपंचमाद्यनिष्टस्थानस्थिताः सूर्यादयः—अष्ट-ग्रहा स्तैः सूचितं सूचयिष्यमाणं च सर्वमरिष्टजातं परिहर्तुं सर्वदा तृतीयैकादशशुभ-स्थानस्थितवच्छुभफलप्राप्त्यर्थं तथा दशान्तर्दशोपदशादिनदशाजनितपीडाल्पायुर्धननाशस्थान-नाशमानहानि-महारोग-दुर्भिक्ष-जल-भूकम्पादि- महाभयाधिदैवाधिभौतिकाध्यात्मिकजनित-क्लेशनिवृत्तिपूर्वकशरीरारोग्यार्थम्, परमैश्वर्यादिप्राप्त्यर्थम्, श्रीसूर्यादिग्रहप्रसादार्थं च सनवग्रहमखां सूर्याद्यष्टग्रहयोगशांतिमहं करिष्ये।"

अनिष्ट फलवाली राशि वाले जो मनुष्य दान शांति नहीं करेंगे वे अशुभ फलों के अवश्य भागी होंगे।

"ये च न प्रतिकुर्वन्ति क्रियया श्रद्धयान्विताः। नास्तिक्याद्वा विमोहाद्वा विनश्यन्त्येव तेऽचिरात्॥"

१४ जुलाई १९६० को इटली के रहस्यवादियों ने प्रलय की निराधार अशास्त्रीय भविष्यवाणी करके विश्व को व्यर्थ में ही आतङ्कित कर डाला था। उस समय मुझसे भी अनेक महानुभावों ने इस विषय में पूछताछ की थी, मैंने उन्हें इस भविष्यवाणी की अशास्त्रीयता बतला कर आश्वासित किया था।

विज्ञ महोदयो! इस वर्ष में घटित होने वाली राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संसार से सम्बन्धित घटनाओं का ज्योतिर्विज्ञानदृष्ट्या और प्रभुकृपावशात् जो शुभाशुभ दीख पड़ा वह मैंने अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार लिख दिया है। आगे "कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ" भविष्य के निर्माता सर्वान्तर्यामी श्री प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल माया के सम्मुख अस्मदादि अल्पज्ञ व्यक्ति भविष्य लेखन की क्या क्षमता रख सकता है। "तत्त्वं चात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।"

"अघटितमपि घटयति सुघटितमपि दुर्घटीकुरुते।
विधिरेव तानि घटयति यानि पुमान् नैव संवदते॥"

श्रीमार्तण्ड भवन
मु० पो० कुराली,
आश्विनकृष्ण १०गुरुवार (सं० २०१७)

शुभेच्छु:—
श्री बघाटनरेशाश्रित
मुकुन्दवल्लभ

आयोजित विकास के दस वर्ष

भारत में आयोजित विकास का मूल उद्देश्य ऐसी प्रक्रिया शुरू करना है, जिससे लोगों का जीवनस्तर धीरे-धीरे निरन्तर ऊंचा उठे और अधिक समृद्ध व विविधतापूर्ण जीवन के लिए उन्हें अधिक अवसर प्राप्त होते रहें। यह प्रक्रिया १९५१ में प्रथम पंचवर्षीय योजना के शुभारम्भ के साथ शुरू हुई थी। योजना शुरू होने के बाद के वर्षों में भारतीय अर्थ-व्यवस्था में लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में उत्साहवर्धक वृद्धि हुई है।

१९५८-५९ तक स्थिर कीमतों के आधार पर भारत की राष्ट्रीय आय लगभग १८ प्रतिशत बढ़ चुकी है। कृषि उत्पादन में लगभग ३५ प्रतिशत वृद्धि हुई है। खाद्यान्नों का उत्पादन २,००,००,००० टन बढ़ गया है और अनुमान है कि १९५९-६० में भी उत्पादन का स्तर, थोड़ा कम होने पर भी, अच्छा ही बना रहेगा। योजना शुरू होने के पश्चात् कृषि उत्पादन में हुई यह वृद्धि पिछली किसी दशाब्दी के मुकाबले सबसे अधिक तेज है।

औद्योगिक विकास

औद्योगिक क्षमता और उत्पादन में इससे भी अधिक तेजी से वृद्धि हुई है। १९५९ के अंत तक औद्योगिक उत्पादन ५१ प्रतिशत अधिक हो गया था। मूलभूत पूंजीगत और उत्पादक सामान के उद्योग, जो कि हमारे देश के औद्योगिक-विकास के अत्यधिक महत्वपूर्ण अंग हैं, की प्रगति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। आत्म-निर्भर औद्योगिक अर्थ-व्यवस्था की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सार्वजनिक क्षेत्रों में इस्पात के ३ कारखानों की स्थापना करके और निजी क्षेत्र में दो मुख्य यूनिटों का विस्तार करके उठाया गया है। मशीन निर्माण के उद्योगों की प्रगति भी बड़ी तेजी से हो रही है। कृषि और उद्योगों में काम आने वाली और परिवहन संबंधी मशीनें और मशीनी औजार अब अधिक से अधिक तादाद में भारतमें ही बनने लगे हैं। रेलवे में काम आने वाले उपकरण और मशीनों में से अधिकांश दूसरी योजना के अन्त तक भारत में ही उपलब्ध होने लगेंगे। कृषि के अलावा अन्य रोजगारों की सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है।

इन दस वर्षों में ही सभी साधनों द्वारा सिंचाई की क्षमता में लगभग ३ करोड़ एकड़ की वृद्धि हो गयी है। बिजली उत्पादन क्षमता दुनी से भी अधिक हो गयी है। १९५०-५१ में जबकि बिजली लगे गांवों और कस्बों की संख्या ३,६८७ थी, वह अब बढ़ कर १८,००० हो गयी है। देश के परिवहन और संचार साधनों में भी काफी विस्तार और उन्नति हुई है। तकनीकी शिक्षा की सुविधाओं और राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं व अनुसंधान संस्थाओं की संख्या में भी निरन्तर वृद्धि होती जा रही है।

समाज सेवाएं

जिस लग्न में नवांश काल जानना हो, उस काल का प्रारम्भ एवं समाप्ति काल दोनों लग्नसारणी द्वारा निकालें। फिर लग्न के समाप्ति काल में से लग्न के प्रारम्भ काल को घटा देवें, शेष घण्टा मिनट बचेंगे। घंटा को ६० से गुणा कर उसमें मिनट भी मिला दें। इस प्रकार वह सम्पूर्ण लग्नमान के मिनट हो जावेंगे। उन मिनटों में ९ का भाग देवें, लब्धि १ नवांश के मिनट जानें। ९ का भाग देने से जो शेष बचा हो, उसको ६० से गुणा करके दुबारा फिर ९ का भाग देने पर सैकेण्ड आवेंगे। यह मिनट और सेकेंड एक नवांश का मान होगा। तुम्हें जो नवांश लेना हो, उससे गत नवांश तक की संख्या से उस एक नवांश के मान को गुणा कर जो मिनट प्राप्त हों, उन मिनटों को लग्न के प्रारम्भ काल में जोड़ने से अभीष्ट नवांश का प्रारम्भ काल आ जावेगा और इस नवांश के प्रारम्भ काल में एक नवांश का मान जोड़ देने से नवांश का समाप्ति काल आ जावेगा। निम्नलिखित उदाहरण से इसका अच्छी तरह स्पष्टीकरण हो जावेगा।

उदाहरण—वैशाख प्रविष्टे १ को मेष लग्न में सिंह के नवांश का प्रारम्भ एवं समाप्ति काल निकालना है। अब ऊपर कहे हुए के अनुसार मेषारम्भकाल ६ घंटा १ मिनट को मेष समाप्तिकाल ७ घंटा ३४ मिनट में से घटाया तो १ घंटा ३३ मिनट शेष बचे। १ घंटा को ६० से गुणा किया और उसमें ३३ मिनट जोड़ तो ९३ मिनट हुए। अर्थात् मेष लग्न का कुल मान ९३ मिनट है। अब इन ९३ मिनटों को ९ का भाग देने पर १० मिनट २० सैकेण्ड एक नवांश का मान प्राप्त हुआ। अब हमें मेष लग्न में सिंह नवांश के प्रारंभकाल का ज्ञान करना है। यहाँ मेष से लेकर कर्क तक अर्थात् ४ नवांश गत हुए, अतः इस एक नवांश के मान (१० मिनट २० सैकेण्ड) को ४ से गुणा किया, तो ४१ मिनट २० सेकेण्ड हुआ। इस (४१ मिनट २० सेकेण्ड) को मेष लग्न के प्रारम्भकाल ६ घंटा १ मिनट में जोड़ा तो ६ घंटा ४२ मिनट २० सैकेण्ड मेष लग्न के सिंह नवांश का प्रारम्भकाल हुआ। इसी प्रारम्भकाल ६ घंटा ४२ मिनट २० सैकेण्ड में एक नवांश का मान १० मिनट २० सेकेण्ड (जो कि अभी पीछे ही निकाला है) जोड़ देने से मेष लग्न के सिंह नवांश का समाप्ति (अन्त) काल ६ घंटा ५२ मिनट ४० सेकेण्ड हुआ। इसी प्रकार अन्य नवांशों को भी निकालें।

विवाह, यज्ञोपवीत, गृहप्रतिष्ठा एवं गृहप्रवेश प्रभृति शुभ मुहूर्तों में उपयुक्त सूक्ष्म विधि से सिद्ध किये गये नवांशों को प्रयोग में लाने से शास्त्रोक्त शुभफल की प्राप्ति हो सकती है। अथ चन्द्रोदयास्तज्ञानम्—तिथिप्रमाणेन हतं निशायाः प्रमाणमानं च युतं भुजाभ्याम्॥ कृष्णे सिते यास्तिथिभक्तनाड्यश्चन्द्रोदये चास्तमये च ताः स्युः ॥१॥ भावार्थ—जिस तिथि का चन्द्रोदयास्त मालूम करना हो उस तिथि की संख्या से उस दिन के रात्रिमान की घट्यादि को गुणें, शुक्लपक्ष की तिथि हो, तो उनमें २ घटी जोड़ना, यदि कृष्णपक्ष की हो तो गुणन की हुई अंक संख्या में से दो घटी निकाल देना, तदनन्तर उनमें १५ का भाग देकर दो फल घटीपलात्मक लाना, यदि शुक्लपक्ष की तिथि हो तो लब्ध घट्यादि के समय सूर्यास्त के अनन्तर चन्द्रास्त होगा, यदि कृष्ण पक्ष हो तो लब्ध पलात्मक फल को दिनमान में युक्त करने से जो जो घट्यादि होवें उतनी घटी सूर्योदय के पीछे चन्द्रोदय होगा। इस रीति से चन्द्रोदय स्थूलमान से आता है, सूक्ष्म चन्द्रोदयास्त "सर्वानन्द करण" से जानें।

अथ प्रसूतिलग्नविचार:

मेष—जन्म समय मेष लग्न हो तो माता का पूर्व या पश्चिम में शिर, उपसूतिका २ या तीन प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलीन। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षो में बचे तो १०० वर्ष जीवे।

वृष—माता का दक्षिण में शिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षो के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्रालय भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।-३८।५८ बर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवावें। यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में शिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिणभाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर एवं शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिह्न, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेशसमय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह—माता का पश्चिम या पूर्व में शिर, मलीन-सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या

खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आईं, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन से बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्य-नारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में शिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्ध शब्द किया। घर के नैर्ऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक हैं, यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला—माता का शिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में शिर, रक्त वा दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया छींक भी किया, दीर्घकेश, घरके पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक दीर्घवर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का शिर पश्चिम या पूर्व को, पीत वा रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया. और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर—माता का शिर दक्षिण में, ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला, भोजन, ठण्डा जल पान किया था, जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ—माता का शिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्र वर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, २ स्त्री पीछे से आईं। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन—माता का शिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मानन्तर देरी से रोया,

शान्तिहवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे कि अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें वही बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

अथादौ पितृपरोक्षज्ञानम्—(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जहां राहु शय्या तहां भंग जहां कुज होय
रविस्थान में दीप कही शनी लोह कहि सोय॥

जन्मकुण्डली में दिशा ज्ञान—पूर्व, द्वितीय तृतीय ईशान। चतुर्थ—उत्तर। पञ्चम षष्ठ वायव्य। सप्तम पश्चिम। अष्टम नवम नैर्ऋत। दशम दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

अथ प्रसूतिस्थानात् पाकशालादिविचार:

जन्म कुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ (मैला) स्थान जानना चाहिए। दो०—लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्नप दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार॥ केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें जो बली (स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत।

चन्द्रात्तैलज्ञानम्—चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तेल ज्यादा कहना यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तेल कहना, यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो, तो बहुत ही कम तेल कहना। सो०—तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहि दीपक तैल नहि। सित शनिदशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्मे तब वाम, दीपक तैल सों युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्तिज्ञानम्—जन्म लग्न के कम अंश हों तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिका—यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों, तो उसकी गणना करें अन्यथा उसे नहीं जोड़े। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हों, और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा

समय स्त्री २ या ५ दीपक हाथ में उठाया व जलाया ... लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा

के होवे उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इस में भी विशेष यह ध्यान में रहने योग्य है कि यह लग्न चन्द्रान्तर्गत ग्रहलग्न के भोग्यांश से सप्तम भाव पर्य्यन्त होवे तो सूतिका ग्रह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्य्यन्त हो तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभग्रह हों वहां धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों में विधवा व दुश्चरित्रा कहे।

अथ शय्या शिर वा पाद विचार

लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिश्चकाल्येषु पादाः। लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्य कोण, १०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशानकोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिस स्थान में पाप ग्रह युक्त हो तो वहां सूतिका के पलंग का पाया फटा टूटा समझना।

अथ चिह्नज्ञानम्—षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण॥ भानु तथा सौरी तन धन कुज कण्टक चन्द। बालक के पट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राहु। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाहु॥ सुहृद भाव में कवि तम भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांच भृगु बसे तनु वा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।

बालारिष्ट

दो०—धूनाष्टमतनु पाप खग, बरहैं शशीजो खीन। कण्टकशुभखग ना बसे, वेगि ताहि यमलीन।

बसे चन्द्रमा द्वादसे अष्ट भवन में पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव।

अथ काणयोगाः—तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुत भवन बसे त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रिय धर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान॥

मूकयोगाः—पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिक हि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुर्वसह अज, दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।

दुःखदयोगाः—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताकौ अंग कलेश॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तन मुख विस्वाबीस। पापग्रहयुत लग्नपति, परे लग्न में आय। वीर्य्य हीन नर होय सो अधिक व्याधि रुजताय॥

बन्धनयोगाः—क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसे कारागार।

तो जाना सुख संग॥ जन्म लग्न में उच्च ग्रह जो काहू के होय। मित्र दृष्टि तापर परे सर्व सुखी नर होय॥

क्लीव (नपुंसक) योगाः—दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीव योग तब जान। शुक्र भवन ते रिष्फ षट बस क्लिब भानु॥

कुष्ठयोगाः—लग्नप बुध कुज शशि युते राहु युक्त या केतु। श्वेत कुष्ठ को योग यह बरणत गुणी सचेतु।॥ भौम भास्कर मन्दयुत रक्तकृष्ण कह कुष्ट। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ जलेजगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंड कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो, बुध त्रिकयुत तनु नाथ। आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।

केमद्रुमः—आगे पीछे चन्द्र के जो न परे ग्रह कोय॥ केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय। उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

सर्पवेष्टित योगाः—यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमलजन्मयोगाः—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हो तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिनका लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है

माता बच्चे को त्याग दे—शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु समय विचार—जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब कहना। अथवा जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा लग्न राशि में आता है तब मरण कहना। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योग युक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पाप ग्रहों करके देखा जाता हो तब मरण कहना चाहिए किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इस वास्ते आयु का प्रथम विचार कर फिर मृत्यु कहे।

प्रसवकष्ट दूर—प्रसवकाल में पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातःसूर्योदय से पहिले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही "ॐमुक्ताः पाशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर माचिर स्वाहा॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यन्त्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवे तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे,। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मन्त्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जप करके तथा यन्त्र को लिख लिख कर चलता कर लेवे तब कष्ट को मिटाता है।

अमावस्या की नन्दादि संज्ञा—दशास्य षटिकाषष्ट्या भानुभानुप्रकीर्तिता । नन्दा भद्रा जया रिक्ता पूर्णा च तिथयः क्रमात् ।

भावार्थ—अमावस्या की साठ घड़ियों में क्रमशः बारह घड़ियां नन्दा, भद्रा जया, रिक्ता, पूर्णा संज्ञक होती हैं । यदि अमावस्या का स्पष्ट घटचादि मान ६० घड़ी से न्यूनाधिक हो तो ५ का भाग देकर १२ घड़ियों से न्यूनाधिक जान ।

तीस का यन्त्र

१६	५	८
२	१०	१८
१२	१४	४

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भावः		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	१	शूरअंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखा	दुःखी	रोगी	सकाम
धन	२	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज	३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत्	४	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहा	दुःखी
सुत	५	सुतहानि	धनीपुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान्	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु	६	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री	७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु	८	अल्पायु	रोगी	शरीरपीड़ा	गुणी	नीचस्व	नीच	नत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म	९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म	१०	शूर	तेजयुत	तेजवान्	कीर्तिवान्	संपत्तिमान्	संपत्ति०	पराक्रमी	मानी	पितृहानि
लाभ	११	धनी	धनी	धनी	धनी	सलाभ	सुमति	धनवान्	सुख्यात	धनी
व्यय	१२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदारहा	दरिद्री	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भावः		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	१	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्या	सती	सुसुखा	वन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिना
धन	२	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्त्ता
सहज	३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत	४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्त्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत	५	विपुत्रा	ससुता	विपुत्रा	श्रीकांतियुता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु	६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुत
पति	७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु	८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कुलघ्ना	सरोगा	विमुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म	९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	[illegible]	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	[illegible]
कर्म	१०	सुकर्मा	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

अथमातृसुखनाशयोगः–(१) पापग्रह से युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र होवे, (३) पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हों, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य होवे और लग्न में मंगल होवे. (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो ; इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए।

पितृनाशयोगः–(१) सूर्य मंगल दशवें वा नवमें गये हों (२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो (३) शत्रु राशि का मंगल १० वें हो (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें पड़ा हो, इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो ।

भ्रातृनाशयोगाः– भ्रातृ गृह को ईश जो भौम संगत्रिक होय ।
जाके ऐसो योग है भ्रातृ हीन नर होय ॥

सन्तानसुखनाशयोग

गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव । ऐसा योग जो लखि परे, ताके पुत्र अभाव । पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे त्रिक थान । जन्म समय या योग ते सदा पुत्र को हान।

रोगिणी स्त्रीयोगा :–शुक्र और सूर्य सप्तम पंचम और नवम में हों तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है ।

नीचयोगाः—सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई । भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई ॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल । म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल । जिनके बुध भृगु राहु संग सप्तम भाव विराज । लहें सर्वदा राजसुख होवे वेश्याबाज ।

जारजयोग :–भानु चन्द्र तनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न । सो शिशु है परपुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न ॥ रवि कुल गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार । तीन उत्तरा जन्म में तब शिशु कहो परार ॥

अथ मातापित्रोः अरिष्टफलम्

जिस बालक की जन्म कुण्डली में सूर्य के साथ पापी ग्रह बैठे हों अथवा देखते हों या सूर्य पाप ग्रहों के बीच में पड़ा हो तो उस बालक के जन्म समय पिता को कष्ट जानना चाहिए । इसी प्रकार सूर्य से ४।५।८ स्थान में [illegible]

हैं भूलि न ब्याहेउ कोय ॥ जाके कुज दशमें बसे ऋणी [illegible]

हैं भूलि न ब्याहेउ कोय ॥ जाके कुज दशमें बसे ऋणी होय पति तासु । लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं आसु ॥ क्रूरयुक्त लग्नेश जो पाप ग्रहों के बीच । सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कही कुज नीच ॥ राहु शुक जो लग्न में कन्या को पति और । पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर ॥ लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि । सप्तम कुज रण्डा कहें पति को तजे तमारि ॥ छठे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग । भौम आठवें भवन में सो पति करि है भंग ॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सों हीन । ताको पति जीवित रहे वर्ष दोय या तीन ॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसे त्रिकधाम । रण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम । पाप ग्रहों के बीच में लग्न होई वा चन्द । सो त्रिय नाशे कुल दुवो भाषत कविकुल वृन्द ॥ सप्तम भृगु जाके बसे सो कुल दोषी नारि । रूपवती तनु भृगु बसे बुध जन कहत विचारि ॥

वैधव्यविषकन्यायोगा :—चौ० रविवार द्वितीया, जो होय । श्लेषा ताहि दिन में जोय ॥१॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार ॥ माते तिथि का करो विचार ॥२॥ होय शत-भिषा मंगलवार । कहो द्वादशी तिथि निर्वार ॥३॥ इन योगन में कन्या होय । निश्चय विधवा जानो सोय ॥४॥ जन्म लग्न द्वैशुभ ग्रह होय । एक पापग्रह नभ १० में जोय ॥५॥ शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रह मानो । ता कन्या को विधवा जानो ॥६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय । मन्दवार युत लीजो जोय ॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार । माने तिथि लीजो निर्वार ॥८॥ रविवार द्वादशी जो होय । नक्षत्र विशाखा जानो होय ॥१०॥ ऐसो योग कलि जो परे । सो कन्या को विधवा करे ॥१०॥ दो०—धर्म सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि जान । सूर्य होय सुत सदन में कन्या विधवा मान ॥११॥

वैधव्यविषकन्याभंगयोगा:—जन्म लग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय । अथवा सप्तम लग्न पति सुभगा कन्या होय ॥

काकवन्ध्यादियोगा:—ज्ञे अष्टमे काकवन्ध्या । मन्दार्कावष्टमे वन्ध्या । अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या ॥

स्त्रीणां राजयोगा:—चौपाई-केन्द्रधाम नभगा शुभ होई । नरतनु पाय कलत्र समोई । रानी होय बहुत धन ताके । मन प्रसन्न होई है सुत वाके—चन्द्रज तुंग बसे तनु जाई । लाभ धन गुरु आवें धाई ॥ सो तिय होय नृपति की नारी । जन विख्यात होय सुकुमारी ॥ जो षट्वर्ग शुद्ध गुरु होई । शशि दृग केन्द्र भवन में होई । ऐसे योग जन्म सुकुमारी ॥ रानी होय सदन धनभारी ॥ दोहा—कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर । पुत्र पौत्र धन भूर युत ताको पति नृप शूर । लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौन । सुरगुरु परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन ॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचार:—पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि । केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत ॥

स्त्री आदि के लिए अशुभ प्रसव मास—कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथिनी, श्रावण में गधी वा घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊंटनी, पौष में बकरी, चैत्र में कुतिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता वा घर वाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है । माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन को घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे । स्मरण रहे कि यहां सर्वत्र सौरमास का ग्रहण है प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण

करे, तो शुभ रहे ।

त्रिखलजन्मफल—यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्ट होते हैं, कृपणता छोड़कर त्रिखल शान्ति करे तो शुभ होता है । तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (चाँदी, सोना, तांबा) दान करे ।

बालक की दन्तोत्पत्ति फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों तो माता पिता को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से जन्मे तो अधिक अरिष्ट । प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शांति करे । एक मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठ बन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७वें में पितृसुख, ८वें में पुष्टि, ९ में धनी, १० वें में सुख, ११ वें में सुख, १२ वें में धनी ।

अथैकनक्षत्रजननफलम्—वृद्ध गर्ग जी कहते हैं कि यदि भ्राताओं वा पिता पुत्र माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक को अवश्य मृत्यु होती है । स्वर्णदान से कल्याण होता है ।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुख	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्ये	जंघे	जान्वोः	पादे	स्थानम्
४	६		५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशुना	धनना	धनना	कुटिला	चञ्चला	दयाव	कामिनी	मानना	भ्राम्या	वैधव्यं	फलम्

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल	आश्लेषा	ज्येष्ठा	विशाखा (४ चं०)
फलम्	(१।२।३ चं०) श्वसुरहानि	२।३।४ चं०) सास नाश	ज्येष्ठनाश	देवरनाश

सुतः सुता वा नियतं श्वशुरं हन्ति मूलजः । तदन्त्यपादजो नैव तथा श्लेषाद्यपादजः ॥

तिथिगण्डान्त—पूर्ण तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की आदि की दो दो घड़ी तिथिगण्डान्त होता है । यह गण्डान्त जन्म यात्रा विवाह में भयप्रद होता है ।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक माता पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाय तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र के ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए, त्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद फल			आश्लेषा पाद फल		
चरण		फल	चरण		फल
१	म	पितृनाश	४	म	पितृनाश
२	"	मातृनाश	३	"	मातृनाश
३	"	धननाश	२	"	धननाश
४	"	शान्ति से सुख	१	"	शान्ति से शुभ

मूलजनने वृक्षविभागफलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्पे	फलम्	शिव	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पदम्	मन्त्री पदम्	विपुल लाभ	अल्प जीव	फल

अथ मूलपुरुषचक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पादे	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि म.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा	मतिमा	फलम्

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा, आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पताले	भूमौ	स्वर्ग
फलम्	शुभम्	कुशलनाश:	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है एक प्रकार से स्वल्प भय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातं संहरते कुलम् ॥ यत्र गण्डे कृष्णपक्षे महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे [illegible] भवेत् ॥ दिनगण्डे [illegible] ॥ [illegible]

यथा सर्पविषश्चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते ॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि ॥ बालकम्बापितृस्नान विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृतं स्यान्मांगलं ध्रुवम् ॥ विरुद्धावयवे मूल विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममाप्सुभिः ॥

अथाभुक्तमूलविचारः—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग कर दे या आठ वर्ष, असमर्थ हो तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शांति कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः ॥

अश्विनीजातस्य फलम्—अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय म मन्त्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	समय
मू० ज्ये०	मू० श्ले०	रे० अश्वि०	फल
पिता को भय	माता को भय	शरीर भय	

मघाफलम्—मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होवे।

ज्येष्ठापादफलम्—प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने आप का नाश होता है। ज्येष्ठाद्यपादजो ज्येष्ठे हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपादफलम्—रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान, दूसरे में मन्त्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों

कृष्ण चतुर्दशी जन्मफलम्

१	२	३	४	५	६	भाग
शुभ	पितृहानि	मातृहानि	मातुलहानि	कुलनष्ट	धनहानि	फल

चतुर्दशी की घड़ियों के छः भाग कर देखें कि जन्म किस भाग में है। तदनुसार फल जानें, अशुभ हो तो शान्ति करे। अमावस्याजन्मफलम्—जिसके घर सिनीवाली अमावस्या के दिन स्त्री, पशु, गौ, भैंस, घोड़ी आदि प्रसूति होवे तो उसे धनहानि अपयश आदि भय होता है। कुहू अमावस्या में प्रसूति हो तो विशेष अशुभ होवे। सिनीवाली—जिस अमावस्या में चन्द्र की कलांश शेष हों, कुहू—जिसमें चन्द्र की पूर्णकला नष्ट हों।

[illegible]

बालकष्टावली

प्रत्येक मंत्र को २१ बार पढ़े और बलि को ७ बार सिर पर घुमा कर यथोक्त स्थान पर मौन होकर रख आवे।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती हैं?	ग्रसित लक्षण	मूर्तिनिर्माणार्थ द्रव्य	पूजनद्रव्य	बलिविधान व समय	स्नान पूजामार्जनमन्त्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, खेद, मन्दस्वर, कम्पन, अरुचि, अंगशोष।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेतचन्दन, तिलक, श्वेतपुष्प, श्वेतभात,५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ४ आट के सतिये,	५ पूर्णपोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरस्ते पर रखना।	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्चरुद्रश्च स्कन्दो वै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥	राई,खस,आक के फल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब पत्र, गोघृत।
द्वितीय दिन मास वर्ष में सनन्दना	ज्वर, हाथपैर अकड़ना, संकोच, दांतचबाना, नेत्रखुले, नेत्ररोग, भय, कृशता।	एक सेर चावल का आटा	कपूर, लोबान, १० दीपक, १० झंडी, पुष्प, चावलके आटे के सतिये १०, रक्तचन्दन, रक्त-पुष्प, श्वेतध्वजादीपक १०,	भात, १ सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय पश्चिम में चौरास्ते पर रखना	ॐ नमश्चामुण्डाय विच्चे ह्रां ह्रीं ह्रीं हू हू दुष्टा ग्रहां गच्छन्त्वत स्थानद्रु दाजायां स्वाहा।	
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिरझुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा।	एक सेर चावल का आटा	गेहूँ के आटे के सतिये १०।	१ सेर लालभात, आधसेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे रखना।	सुनन्दनाविधानोक्त	
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्रभंग, शिरझुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	तिलचूर्ण एक सेर	श्वेतपुष्प, श्वेत ध्वजा ५ दीपक मिल सकें तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प।	भात १सेर, आटे के पूड़े आधसेर, पूर्णपोली सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	सुनन्दनाविधानोक्त	लसुन, गोशृंग सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, गोघृत।
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गर्मी तेज।	एक सेर चावल का आटा	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक ५, श्वेतध्वजा५, गेहूं के आटे के सतिये।	श्वेतभात, ७ पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	ॐभगवती ह्रीं ह्रीं ह्रं ह्रू मुंचरक्षां कुरु कुरु बलिं गृह्ण गृह्ण अस्त्रं ठःठ चामुण्ड सर्वारिचण्डिके ठः ठः स्वाहा	
षष्ठ दिन मास वर्ष में षट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हंसना, कभी२ रोना, मोह, मूर्च्छा।	नदी के दोनों किनारों की मिटटी	श्वेतचंदन, श्वेतपुष्प, दीपक ५ श्वेतध्वजा।	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां, एक पहर दिन चढ़े पूर्व में चौरस्ते पर रखना।	योगिनीविधानोक्त	कूट गुग्गुल, राई, हाथीदांत, घृत।
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीरकम्पन।	चावलों का आटा एक सेर	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक ५, श्वेतध्वजा।	भात, ७ पूड़ियाँ, सायंकाल पश्चिम में चौरस्ते पर मौन होकर रखना।	विडालिकाविधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मखशोष, अरुचि, सन्ताप।	जल के दोनों किनारों की मिटटी	रक्तचन्दन, ५ रंग की झन्डी, ५ दीपक।	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छागमांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।	विडालिकाविधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, अफारा, घृणा।	एक सेर गेहूँ का आटा	चन्दन, पुष्प ५, दीपक५, रंग की झण्डी ५।	भात, मत्स्य,मांस, पापड़ी,सुहाली, उत्तर में प्रातः चौरस्ते पर रखना	ॐनमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिं मादाय हन्हन्हुं फट्स्वाहा	गोशृंग,लसुन, सांप की कांचली, निम्बपत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल,राई, गोघृत।
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन,शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास।	एक सेर गेहूं का आटा	रक्तपुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	गुड़ के घी भने चावल, गोघृत, सायंकाल दक्षिण चौरस्ते पर रखना	ॐनमो भगवते वैश्वदेवाय हन् हुं फट् स्वाहा।	
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर, हड़फूटन, मखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प २५, दीपक २५, सफेद झण्डी २५, आटे के सतिये।	श्वेतभात, ७पूड़े, सुहाली ७ सायं को प्रातः दक्षिण में चौरस्ते पर रखना।	ॐनमो भगवते रावणाय चन्द्रहास वज्रहस्ताय ज्वल २ दुष्टग्राहादीन् ॐह्रीं फट् स्वाहा।	
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	ज्वर, दांतचबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्रपीड़ा, संताप।	चावलों का आटा एक सेर	१३ दीपक, झंडी, १३ सतिये आटे के।	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियां ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरस्ते पर रखना।	ॐनमोनारायणाय ज्वलद्धस्ताय हनहनशोषय २ मर्दय२ शोषय २ हूं३ हन २ दुष्टानां ह्लूं ह्लूं फट् स्वाहा।	

अथ नक्षत्र कष्टाबली चक्रम्

यस्मिन्नृक्षे यदा नृणां रोगः संजायते तदा। तद्विष्णुपूजा कर्तव्या तत्तदीश्वरतुष्टये ॥ ऋक्षेशरूपं कनकेन कृत्वा तल्लिगमंत्रैश्च सुगन्धपुष्पैः।
वस्त्राक्षतैर्गुग्गुलधूपदीपैं नैवेद्यताम्बूलफलैश्च सम्यक्। पूजां च कृत्वा भयनाशनाय द्विजाय दद्यादतुलं धनञ्च ॥

सस्वामिक नक्षत्राणि	कष्टदिनानि चरण १	२	३	४	करे धारणम्	कष्टलक्षणानि	गन्धादिकम्	बलिद्रव्यम्	होमद्रव्यम्	दानभोजनम्	जपनीयमन्त्राः	जप-संख्या
अश्विनी (दस्त्रौ)	९	११	१०	२०	अपामार्ग-मूलम्	वातज्वरअर्द्ध-गात्रपीडानिद्रा-भङ्ग बुद्धिभ्रम	श्वेतचन्दन गन्ध. गुग्गुलधूपघृतदीप मोदक गुड़ नैवेद्य	कमलपुष्प क्षीर	घृत- गुडौदन खण्ड यवाज्य	सुवर्णवृतकुम्भ ब्राह्मणभोजन	ॐअश्विना तेजसा चक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्यम् वाचेन्द्रो बलेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्। ॐअश्विनीकुमाराभ्यां नमः ॥१॥	५ हजार
भरणी (यमः)	०	८०	४०	११	अगस्त-मूलम्	अनेक रोग ज्वर आलस्य छर्दिरोग।	तीव्र-अगरगंध धूप घृतदीप	करवीरपुष्प गडौदन नैवद्य	घृतगुग्गल कृसरान्न (खिचड़ी) तिलाक्षत	घृतमधु गोमहिषीघृत शर्करा छायापा ब्राह्मणभोजन	ॐयमायत्वामखायत्वासूर्यस्यत्वातपसे देवस्त्वा-सवितामध्वानक्तु। पृथिव्याः संस्पृशस्पाहि अर्चिरसिशोचिरसितपोऽसि। ॐयमाय नमः।	१० हजार
कृत्तिका (अग्निः)	९	११	१६	२८	कार्पास-मूलम्.	ऊरुशूल अतिदाह नेत्रपीड़ा अनिद्रा	श्वेतचन्दनगंध धूप घृतदीप	जुहीपुष्प तिलमाषान्नवडाधीकानैवेद्य	घृतगुग्गल पायस तिल घृतयव	स्वर्ण गोदान ब्राह्मणभोजन	ॐ अग्निर्मूर्धादिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति। ॐअग्नये नमः॥३॥	१० हजार
रोहिणी (ब्रह्मा)	७	९	१८	३०	अपामार्ग-मूलम्	ज्वरपीड़ाकुक्षिशूरशिरःपीड़ा प्रलाप	श्वेतचंदनगंध धूप घृतदीप	कमलपुष्प पायस नैवेद्य	दशांग- मध्वाज्यक्षौद्र शाल्यान्न क्षीर	तिलाज्य यव सप्तधान्य कृष्णगोदान ५ कुमारीभोजन	ॐ ब्रह्मजज्ञानं प्रथमपुरस्ताद्विसीमितः सुरुचोवे-नआवः। सुबुध्न्या उपमाअस्य विष्ठाः सतश्च-योनिमसतश्च विव्वः। ॐब्रह्मणे नमः ॥४॥	५ हजार
मृगशीर्ष (चन्द्रः)	९	५	७	१०	जयन्ती-मूलम्	अर्द्धगात्रपीडा, महाकष्टत्रिदोष	श्वेतचन्दन गन्ध. धूप घृतदीप	कमलपुष्प पायस अपूपमध्वोदन नैवेद्य	दशांग दधि शर्करा शाल्य	दधिपायस दधितण्डल सवत्सागोदान ब्राह्मणभोजन	ॐइमंदेवाअसपत्नं सुवध्वं महते क्षत्रायमहते ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इममुष्यपुत्रमुष्यैपुत्रमस्यविपएषवोऽमीराजा-सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा। ॐचन्द्रमसे नमः ॥	१० हजार
आर्द्रा (शिवः)	०	१८	०	०	सर्पदनाश्व-त्थमूलम्	ज्वरसर्वांगपीडा त्रिदोषअनिद्रा	श्वेत चदनगंध धूपघृतदीप	सौरभपुष्प पायसौदन नैवेद्य	दशांग दध्योदन मध्वाज्य	घृतमधु कृष्णवृषभकृष्ण-वस्त्र ब्राह्मणभोजन	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यवउतो त इषवे नमः। बाहुभ्यामुतते नमः ॥ ॐरुद्रायनमः ॥६॥	१ हजार
पुनर्वसु (अदितिः)	७	१४	२	२१	अर्क—मूलम्	ज्वरशिरपीडा कटिपीडा	हरिद्राकुंकुमगन्धसेवन्तिकापुष्प अष्टगन्धधूपघृतदीप पीतवर्णान्न	घृताक्त पीततण्डुल नैवेद्य	साज्य- तण्डुल	घृत वस्त्र स्वर्ण कमल ५ कन्या ५ भोजन	ॐअदितिरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता सपिता सपुत्रः। विश्वदेवा अदितिःपंचजना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्। ॐअदितये नमः ॥७॥	१० हजार
पुष्य (गुरुः)	७	७	१०	२१	तुषार-मूलम्	ज्वर शूल कष्ट	महाकुंकुमगन्ध धूपघृतदीप	कमलपुष्प घृतपायसशर्करा नैवद्य	घृतगुग्गुल- समण्डक मोदक	घृत सुवर्ण गौ पीतवस्त्र पायस ब्राह्मणभोजन	ॐबृहस्पतेअतियदर्योअर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतुम-ज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्। ॐबृहस्पतये नमः ॥८॥	१० हजार
आश्लेषा	[illegible]	[illegible]	४१	[illegible]	पटोल-	सर्वाङ्गपीडा	पा. कुकुम अगरगन्ध	अगस्त पुष्प	घृत हवि	शर्करा सवत्साकृष्णागौ	ॐनमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये केच पृथिवीमनु येअन्तरिक्षे	

आश्लेषा (सर्पः)	०	०	४१	०	पटोल- मूलम्	सर्वाङ्गपीड़ा पा. मृत्युसम कष्ट	कुंकुम अगरगन्ध अगस्त पुष्प घृत गुग्गुलधूपघृतदीप घृतक्षीर नैवेद्य	हवि दध्योदन	शर्करा घृत	सवत्साकृष्णागौ छायापात्रब्राह्मणभो.	ॐनमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये केच पृथिवीमनु येअन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः । ॐ सर्पेभ्यो नमः ।।९।।	१० हजार
मघा (पितरः)	१५	७	१७	२०	भृङ्गराज मूलम्	अर्द्धगात्र पीड़ा तथा शिर पीड़ा	श्वेतचन्दनगन्ध चम्पकपुष्प घृत गुग्गुलधूप घृतदीप घृतमिष्टान्न	सतिलाज्य दुग्धान्न	तिलाज्य तण्डुल	सवस्त्रतिलमाष दान ब्राह्मणभोजन	ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः । प्रपितामहेभ्यःस्वधायिभ्यः स्वधानमः अक्षन्पितरोमीमदन्तपितरोऽतीतृपन्तपि पितरः पितरःसुन्धध्वम् । ॐपितृभ्योनमः ।	१०ह०
पू. फा. (भगः)	०	१५	०	३०	कण्टकारि मूलम्	ज्वर शिरपीड़ा गात्रव्यथा	श्वेतचन्दनगन्ध मालती पुष्प घृत बिल्व धूप घृतदीप अपूपोदन मोदक नैवेद्य	घृतोदन पायस	प्रियंगु कंगनी तिल	पित्तलयवमाषान्न स्वर्णगोदान भोजन	ॐभगप्रणेतर्भगसत्यराधो भगे मां धियमुदवादन्न० भगप्रणोजनगो गभिरश्वर्भगप्रनृभिर्नृवंतः स्याम ।। ॐ भगायनमः ।।११।।	१० हजार
उ. फा. (अर्यमा)	७	१४	७	६०	पटोल- मूलम्	कुक्षिशूल शिरशूल ज्वर अतिकष्ट	कर्पूरकेसर गन्ध अर्कपुष्प घृत गुग्गुल धूप घृतदीप घृतपायस नैवेद्यं	घृतशर्करा शाल्यन्न	तिलाज्य	सुवस्त्ररजतस्वर्णान्न गोदान ब्रा० भोजन	ॐदेव्यावध्वर्यू आगतं रथेन सूर्यत्वचा ।मध्वायज्ञं समञ्जाथे तं प्रत्नथा यं वेनश्चित्रम् । ॐ अर्यम्णे नमः ।।१२।।	१० हजार
हस्त (सविता)	१५	१७	१५	०	जाति- मूलम्	अफारा उरु शूल सर्वाङ्ग पीड़ा प्रस्वेद	रक्तचन्दन केसरगन्ध कमलपुष्प घृत गुग्गुलधूप घृतदीप घृत नैवेद्य	मिष्टान्न	दधि घृत	सुवर्णपयस्विनीगोदान ब्रा० भोजन	ॐविभ्राड्बृहत्पिबतु सौम्यं मध्वायुर्दधद्यज्ञपता वविह्रुतम् । वात जूतो यो अभिरक्षतित्मना प्रजाः पुपोष पुरुधा विराजति । ॐसवित्रे नमः ।।	हजार
चित्रा (विश्वकर्मा)	११	९	९	१६	मखव- मूलम्	विचित्रानेक- रोग, अतिकष्ट	केसर अगरगन्ध विचित्रवर्ण पुष्प घृत गुग्गलधूपघृतदीप विचित्रान्न मोदक नैवेद्य	विचित्रान्न घृत	तिलाज्य तण्डुल	तिलगुड़विचित्र व. प. छा. पा. ब्रा. भो.	ॐत्वष्टातुरीयो अद्भुत इन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धना द्विपदाच्छन्दइन्द्रियमक्षागोनवियोदधुः ।। ॐ विश्वकर्मणे नमः ।।१४।।	१०० हजार
स्वाती. (वायुः)	६०	१७	३०	०	जाति- मूलम्	नानाकष्ट	चन्दनगन्धदमनकपुष्पअगरगुग्गुल धूप घृतदीप घृतपायस नैवेद्य	घृत पायस	तिलाज्य यव	स्वर्ण रक्तधेनुदान पक्वान्न ब्रा. भोजन	ॐवायोयेते सहस्त्रिणो रथासस्तेभिरागहि नियुत्वान सोमपीतये ।। ॐवायवे नमः ।।१५।।	१० हजार
विशाखा (इंद्राग्नी)	१५	०	४	१३	गुञ्जा- मूलम्	कुक्षिशूल सर्वाङ्गपीड़ा	चन्दनकेसरगंध कमलपुष्प दवदारु घृत धूप घृतदीप घृतपायस नैवेद्य	सहवि चित्रान्न	आज्य पायस	रक्तपीतवस्त्र कृ. बृ. छायापा. दा. ब्रा. भो.	ॐइन्द्राग्नी आगतं सुतं गीर्भिर्नभो वरेण्यम् अस्यपात धियाषिता।। ॐइन्द्राग्निभ्यां नमः ।।	१० हजार
अनुराधा (मित्रः)	६०	१२	३६	०	सुपुष्प- मूलम्	तीव्र ज्वर शिरपीड़ा	केसरगन्ध कमलपुष्प चन्दन धूप घृतदीप घृतपायस नैवेद्य	मध्वाज्य माषान्न	गुड़ यवाज्य	स्वर्णगोछाया पात्र दान ब्रा० भोजन	ॐनमोमित्रस्यवरुणस्य चक्षसे महादेवाय तदृतं सपर्यत दूरदृशे देवजाताय केतवे दिवस्पुत्राय सूर्याय शंसत ।। ॐमित्राय नमः ।।१७।।	१० हजार
ज्येष्ठा (इन्द्रः)	५५	९	६	४	अपामार्ग मूलम्	व्याकुलता पित्त रोगकम्पन	श्वेतचन्दन गंध चम्पकादिसुपुष्प कर्पूर धूप घृतदीप मनोहर चित्रान्न नैवेद्य	दध्योदन सुपुष्प	तण्डुलतिल घृत	स्वर्णतिलनीलवस्त्र ब्रा० भोजन	ॐत्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्रं हवेहवे सहवंशूरमिन्द्रम् ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिन्द्रं स्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्रः । ॐ शक्राय नमः ।।१८।।	१० हजार

मूलम् (राक्षसः)	०	९	१५	६	मन्दरा मूलम्	उदरतथामुख रोगसन्नि-मय	कृष्णअगरगन्धनीलोत्पलपुष्पघृत-सहाव कृष्णागुरुधूप माषमिश्रान्न-नैवेद्य	माषान्न घृत स्वग व. कु. गोछा कन्दमल पात्र दा. कु. पू. वि	ॐ मातेव पुत्रं पृथ्वीपुरीष्यमग्निं स्वेयौनाव भारुखा। ताविश्वदेवऋतुभिः संवदानः प्रजापतिर्विश्वकर्मा विमुञ्चतु। ॐनिर्ऋतये नमः॥१९॥	५ हजार
पू. षा. (जलम्)	०	१५	२४	१०	कार्पासि मूलम्	शिरपीड़ाकम्पन महाकष्ट	श्वेतचंदन गंधकमलपुष्प घृतगुग्गुल धूप दीप घृत पायस नैवेद्य	घृतपायस तिलतण्डुल स्वर्णाव. ति.त.ज. मिष्ठान्न घृत कु. गो. दा. ब्रा. भो.	ॐअपाघमप किल्विषमपकृत्यामपोरपः। अपामार्गत्वमस्मदपदुःष्वप्न्यं सुव॥ ॐअद्भ्योनमः ॥२०॥	५ हजार
उ. षा. (विश्वेदेवाः)	३०	२४	२६	१६	कार्पासि मूलम्	उरुस्थल कटि-पीड़ा प्रलाप	श्वेतचन्दन गन्धकमलपुष्प घृतगग्गुल धूप घृतदीप घृतपायसान्न नैवेद्य	सहविपा. तिलाज्य आमान्नस्वर्णदान तिलाज्य यव ब्राह्मण भोजन	ॐविश्वेदेवाः शृणुतम हवंयम अन्तरिक्षे य उपद्यविष्ठाय अग्निजिह्वा उतवाय जत्राआसद्यास्मिन्बर्हिषिमादयध्वम्। ॐविश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः ॥२१॥	१० हजार
श्रवणः (विष्णुः)	६०	२४	६	९	अपामार्ग मूलम्	अतिसार सर्वाङ्ग पीड़ात्रि. भय	श्वेतचन्दनगन्धमालतीपुष्पकर्पूरगु. धूप घृतदीपषड्रस शाल्यन्न नैवेद्य	सहवि तिलाज्य स्वर्णगोछायापा. पायस यवं ब्राह्मण भोजन	ॐविष्णो रराटमसि विष्णो श्नप्त्रेस्थो विष्णोःस्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवे त्वा। ॐविष्णवे नमः॥२२॥	१० हजार
धनिष्ठा (वसवः)	१५	२	२०	२१	भृङ्गराज मूलम्	मूत्रकच्छ ज्वर रक्तातिसार	श्वेतचन्दन गन्ध कमलपुष्प गुग्गुल धूप घृतदीप घृतपायस नैवेद्य	पायसमो. तिलाज्य छत्रोपानत्अश्वस्व पूपतिपि पायस गो. दा. ब्रा. भो.	ॐवसोःपवित्रमसि शतधारं वसोःपवित्रमसि सहस्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसोःपवित्रणशतधारेणसुप्वाकामधुक्षः ॥वसुभ्योनमः	१० हजार
शतभिषा (वरुणः)	०	४५	३	२२	कमल मूलम्	सन्नि पातभय वातज्वर कष्ट	केसर अगरगन्ध कमलपुष्प कर्पूर चं. धूप घृतदीप घृतपोलिका नैवेद्य	घृत. चित्रान्न आज्य स्वर्णतिलान्नघट दध्योदन छायापात्र गोदान कु. पू. ब्रा. भो.	ॐवरुणस्योत्तम्भनमसियसिवरुणस्यस्कम्भ-सर्जनीस्थो वरुणस्यऋतज्सदन्यसि वरुणस्य-ऋतसदनमसि वरुणस्यऋतसदनमासीद ॐवरुणाय नमः ॥२४॥	१० हजार
पू. भा. (अजकपाः)	०	१२	२१	११	भृङ्गराज मूलम्	शरीरपीड़ार्ति व्याकुलतावमन	केसरचन्दनगन्ध श्वेतार्कपुष्प शतौष. मिश्रितधप घृतदीप दधिपायस नैवेद्य	दध्योदन क्षीराज्य स्वर्णरजतअन्नश्वेत शर्करा छ. पात्र. दान ब्रा. भोजन	ॐउतनो हिर्बुध्न्यः शृणोत्वज एकपात्पृथिवी-समुद्रः। विश्वेदेवाः ऋतावधीनहुवानः स्तुतामंत्रा कविशस्ताअवन्तु। ॐअजैकपदे नमः।	१० हजार
उ. भा. (अहिर्बुध्न्यः)	१०	२	९	१५	अश्वत्थ मूलम्	शूल ज्वर वात व्याधि अतिसार कामला रोग	चन्दनकर्पूरगन्ध कमलपुष्प बिल्व गुग्गुल धप घतदीप घृतपायस नैवेद्य	तिलाज्य मुद्गमाष तिलाज्य स्वर्ण रजत तिल यव कृष्णवस्त्र दान ब्रा. भोजन	ॐ शिवोनामासि स्वधितिस्ते पितानमस्ते अस्तु मामा हिंसीः। निवर्तयाम्यायुषेऽन्नाद्याय प्रजननायसयस्पोषायसुप्रजास्त्वा-यसुवीर्याय। ॐअहिर्बुध्न्याय नमः ॥२६॥	१० हजार
रेवती	१८	१०	९	२०	अश्वत्थ [illegible]	[illegible]	[illegible] पुष्प घृतगुग्गुल [illegible]	सहवि तिलाज्य रजत [illegible]	ॐ [illegible]	५

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(१) जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र या यमघंट कुयोग हो।

(२) सूर्यवार को मघा द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३) सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११) हो।

(५) बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा (२।७।१२) आश्ले. हो।

(६) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३) व मघा हस्त हो।

(७) शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा व श्रवण या रिक्ता (४।९।१४) आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पूषा. या हस्त व पूभा. या पूर्णा (५।१०।१५) व भरणी हो।

(९) सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।।९।१२।१४।३० तिथि भरणी कृत्ति. आर्द्रा आश्ले. पूर्वा ३ विशा. ३ ज्ये. धनि. शत. नक्षत्र हों तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च, जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना। क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं, हाँ, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुलादान, गोदान, तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है।

अथ रोगत्रिनाड़ीचक्रम्

आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	उ. फा.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा:
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल.	श्रवण	भा.	अश्वि	रो.	मध्या:
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा	पूषा	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.	अन्त्या:

सूर्य नक्षत्र, दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र 'रोगत्रिनाड़ीचक्र' में एक ही नाड़ी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है, मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसंदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोगत्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित करना।

कालस्य मुखदंष्ट्राज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०-१८ वां नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़) होती है। काल के मुख दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की मृत्यु पर्यन्त हालत होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह-युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

ज्वरयंत्र

ॐ

प	व	क	०
३	४९	८	३३
२५	८७	५	३९
५१	७	३	२५

ज्वर आने से पहले यह यन्त्र लिख कर अपनी कलाई पर धूप देकर बांधे तो बारी का बुखार दूर हो। पहले यन्त्र सिद्ध कर लेवे फिर लिखकर देना शुरू करे। विधि—सफेद कागज पर अनार की कलम और लाल चन्दन से २१ सौ लिखकर आटे की गोलियाँ बनाकर मछलियों को डाल देवे।

तिथिकष्टावलीयन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदि.	बलि व दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि घृतदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि रक्तवस्त्रदान
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि चित्रवस्त्रदान
७	सूर्य	८	पायसबलि ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्ठान्नबलि रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि श्वेतवस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्कराबलि सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्ठान्नबलि क्षौद्रपाकभो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि रौप्यदान
३०	पितर	१८	पूपकान्नबलि उत्तमान्नभो.

वारकष्टावलीयन्त्रम्

वा.	वारेश	क. दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान
चं.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बु.	विष्णु	७	मद्गान्नबलि बुधदान
बृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधु बलि शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

कालांगविभाग

कालपुरुष के सिर में मेषराशि का स्थान है, मुख में वृष राशि का, दोनों भुजाओं में मिथुन राशि का, हृदय में कर्क राशि का, उदर में सिंह राशि का, कमर में कन्या राशि का, वस्ति (मूत्राशय) में तुला राशि का, गुप्तेन्द्रिय में वृश्चिक राशि का, ऊरु (दोनों जंघाओं) में धनु राशि का, दोनों जानु (घुटनों) में मकर राशि का, पिण्डलियों में कुम्भ राशि का और दोनों पादों में मीन राशि का स्थान है। कई एक आचार्य द्वादश भावों में भी इन अंगों की कल्पना करते हैं जैसे प्रथम भाव में शिर, द्वितीय भाव में मुख, तृतीय भाव में भुजा, चतुर्थ भाव में हृदय, पंचम भाव में उदर, छठे भाव में कमर, सप्तम भाव में वस्ति, अष्टम भाव में गुप्तेन्द्रिय, नवम भाव में उरु, दशम भाव में जानु, एकादश भाव में जंघा और द्वादश भाव में पादों को जानना। उपरोक्त मेषादि १२ राशि अथवा लग्नादि द्वादश भाव शुभ ग्रहों से युक्त वा दृष्ट हों तो वह अंग पुष्ट और सुन्दर होता है और पापग्रह से युक्त वा दृष्ट हों तो वह अंग रोगादि से युक्त होता है अंगों का विचार करके फलादेश कहना युक्तियुक्त होता है।

ग्रहगोचराद्यैर्दशाक्रमाद्यैर्ग्रहकलानिष्टफलशमनार्थं प्रत्येकग्रहाणां दानपदार्था:														जपनीय मन्त्रा:	समय-समिध:	
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग	रक्तगौ	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं स: सूर्यायनम:	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कर्पूर	श्वेतबल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं स: चन्द्रायनम:	सन्ध्या	पला१४
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरी	रक्तबल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं स: भौमाय नम:	घ. २	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कर्पूर	शस्त्र	फल	१९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं स: बुधाय नम:	घ. ५	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक	घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं स: गुरवे नम:	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि	श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नम:	सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तैल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग	भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनये नम:	संध्या	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तैल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल	घोड़ा	शूर्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं स: राहवे नम:	रात्री	दूर्वा
केतु	लहसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तैल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारेल	कंबल	बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं स: केतवे नम:	रात्री	कुश।
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कर्पूर	मसरी	श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुथेशवत्	ॐ मुन्थेशमंत्र:	मुन्थेशकाले	

सूर्यादिग्रहपीडासु स्नानार्थमौषधानि—(यथा सिद्धौषधै रोगा नश्येयुर्मन्त्रतो भयम् । तथा स्नानविधानेन ग्रहदोष: प्रणश्यति ॥)

सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनशिला	पञ्चगव्य	बिल्वछाल	गोबर	मालतीपुष्प	इलायची	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गजमद	रक्तचंदन	अक्षत	श्वेतसरसों	मनशिला	सुरमा	तिलपत्र	तिलपत्र
देवदारु	शंख	धमनी	फल	मुलहठी	सुवृक्षला	लोबान	मुत्थरां	मुत्थरां
केशर	सिप्पी	रक्तपुष्प	गोरोचन	मधु	केशर	बमनी	गजदन्त	गजदन्त
खस	श्वेतचंदन	सगरफ	मधु	मालती		सौंफ	कस्तूरी	छागमूत्र
मुलठी	स्फटिक	मालकंगनी	मोती			मुत्थरां		
रक्तपुष्प		मौलसिरी	सुवर्ण			खिल्लों		
रक्तकनेर								

शनिविचार:—अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्—कल्याणी प्रददाति वै रविसुतो राशेश्चतुर्थाष्टमे, व्याधिं बन्धुविरोधदेशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि बह्लेर्भयं, लोहं शस्त्रभयं सदैवमसुखं कुर्यादसौ सर्वदा ॥१॥ अथ बृहत्-कल्याणी (साढ़ेसाती) फलम्—राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादो द्वितीये (२) शनि:, नानाक्लेशकरोऽतिदुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत् । हानि: स्थान्मरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाश्वद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा ॥२॥

सप्तधान्य—उदड़ १, मूंगी २, कणक (गेहूं) ३, छोले (चने) ४, जौ ५, धान्य (तंदुल) ६, कंकनी ७

अष्टागन्ध—अगर, तगर, कस्तूरी, दोनों कुंकुम, कर्पूर, दोनों चन्दन ।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्त्यै सामान्यमौषधिस्नानम्

लाजवती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जव, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि, लोध इन औषधियों के जल से सर्तीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नाश होती है, तथा

की वंदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम, तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपति:) ॥

॥ देश-भेद से दशानिर्णय ॥

शुक्लगेऽर्के होरायां दिवा विंशोत्तरी दशा । कृष्ण चन्द्रस्य होरायां रात्रावष्टोत्तरी मता ॥
अन्यथा योगिनी कार्या सदा कार्या महादशा ॥१॥

अर्थ—देश भेद से दक्षिण गुजरात में अष्टोत्तरी, दिल्ली, राजस्थान, मध्यभारत, पंजाब, युक्तप्रान्तों में विंशोत्तरी करना लिखा है, किन्तु विशेष निर्णय में तथा समय के फल विकास कार्य के लिए शुक्ल पक्ष में दिन का जन्म सूर्य की होरा ये तीनों एक साथ जन्मकाल में हों तो विंशोत्तरी उत्तम फलकारक सिद्ध होगी । कृष्ण पक्ष, रात्रि का जन्म, चन्द्र की होरा में जन्म लेने वालों को अष्टोत्तरी से फल कहना । अन्यथा योगिनी दशा में विचार करना ।

अथ कार्यसिद्धि-प्रश्न

प्रश्नकर्ता श्री देवी जी का स्मरण करके पंचदशी यंत्र पर अंगुली धरे । यदि १।५।९ पर धरे तो शीघ्र कार्य सिद्ध हो । ३।७ पर धरे तो सहारे से कार्य सिद्ध होवे । ४।६ पर धरे तो भी कार्य सिद्ध होवे । २।८ अंक पर अंगुली धरे तो कार्य सिद्ध नहीं होता है ।

६	१	८
७	५	३
२	९	४

॥ श्रीरामायणादि कथा प्रारम्भ करने का मुहूर्त ॥

गुरु के नक्षत्र से दिननक्षत्र १६ तक अर्थलाभ सिद्धि लाभप्रद, २४ तक मृत्यु, राजभयप्रद, २७ तक मोक्षप्रद होता है। शुभवार तिथ्यादि विचारपूर्वक देवप्रीत्यर्थ

गोचरग्रहाणां द्वादशभावफलबोधचक्रम्

ग्रहः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	स्थानना.	भयं	श्रीः	मानभंग	दैन्य	विजयः	मार्गः	पीड़ा	सुकृना.	सिद्धिः	धनलाभ	द्रव्यना.
चन्द्रः	अन्नला.	धननाश	सुखं	रोगः	कार्यनाश	धनला.	स्त्रीला.	रोगः	धर्मला.	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
भौमः	शत्रुभी.	धननाश	धनलाभ	शत्रुभीः	धननाश	धनला.	द्रव्यना.	शत्रुभी.	शत्रुभी.	शोकः	धनलाभ	धनना.
बुधः	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभीः	पशुलाभ	सुखं	स्थानला.	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
गुरुः	भयं	धनलाभ	क्लेशः	धननाश	सुखं	शोकः	राजमा.	पीड़ा	सौख्यं	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्रः	शत्रुना.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोकः	धनला.	वस्त्रला.	दुःखं	धनलाभ	धनला.
शनिः	भयं	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभी.	पुत्रनाशः	धनला.	दोषः	पीड़ा	धर्मना.	दौर्मन.	धनलाभ	धनना.
राहुः	हानिः	धननाश	धनलाभ	वैर	शोकः	श्रीः	कलहः	मृत्यु	दुःखं	वैर	सुखं	शोकः
केतुः	रोगः	वैर	सुख	भयं	सुखं	धनला.	कलहः	रोगः	पापं	शोकः	कीर्तिः	शत्रुभी.

उपरोक्त गोचर फल जन्म राशि या जन्मलग्न के अंश से आदि लेकर अग्रिम राशि के उतने अंश तक प्रथम भाव एवं द्वादश भावों की अंशों पर कल्पना करने से अधिक मिलता है। केवल राशि से फल में अधिक अन्तर रहता है।

ग्रहमैत्रीचक्रम्

सू.	च.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	ग्रहाः
चं. मं. बृ.	सू. बु.	सू. चं. बृ.	सू. शु.	सू. मं. चं	बु. श.	शु. बु.	मित्राणि
बु.	मं. बृ. शु. श.	शु. श.	मं. बृ. श.	श.	मं. बृ.	बृ.	समाः
शु. श.	० ०	बु.	चं	बु. शु.	सू. चं.	सू. चं. मं.	शत्रवः

यह यन्त्र शनिवार को भोजपत्र पर लिख कर धारण करने से शनिकृत अरिष्ट निवृत्त करता है।

शनि यन्त्र

१२	७	१४
१३	११	९
८	१५	१०

अथग्रहाणामेकराशिभोगफलसमयादिज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा.के.	ग्रहाः
मा.१	दि.२।	मा१॥	मा१	मा.१२	मा.१	मा३०	मा.१८	एकराशिभोगः
आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमयः
दि.५	घ. ३	दि. ८	दि.७	मा.१	दि.७	मा.	मा.६	गंतव्यराशेः प्राक्फलम्

अथ ग्रहतुष्टयर्थं धारणाय मणयः

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवालः	पन्ना	पुष्पराग:	हीरा	नीलम	गोमेदम्	वैडूर्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	रौप्यम्	लोहम्	आजवर्तः	आजवर्तः

